हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 | www.prakharpurvanchal.com | Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्ष: 7, अंक: 331, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 25 मई, 2023 दिन गुरुवार | गाजीपुर/वाराणसी

## नए संसद भवन में रखा जाएगा सेंगोल : शाह

### बोले– अंग्रेजों से सत्ता मिलने का प्रतीक, पर भुला दी गई परंपरा



नई दिल्ली। अमित शाह ने कॉन्फ्रेंस की शुरूआत में कहा कि नया संसद भवन हमारे इतिहास, सांस्कृतिक विरासत, परंपरा और सभ्यता को आधुनिकता से जोड़ने का सुंदर प्रयास है। नई संरचना को रिकॉर्ड समय में पूरा करने में 60 हजार श्रम योगियों ने अपना योगदान दिया है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उद्घाटन समारोह में उनका सम्मान करेंगे। इस अवसर पर एक एतिहासिक परंपरा पुनर्जीवित हो रही है। 28 मई को आजादी का अमृत महोत्सव' के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी संसद के नए भवन को देश को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री के दूरदर्शिता का प्रमाण नया संसद भवन है। आजादी के अमृत महोत्सव में पीएम ने जो लक्ष्य तय किए थे, उनमें से एक लक्ष्य था हमारी एतिहासिक परंपराओं का सम्मान और पुनर्जागरण।

**संसद से उपयुक्त स्थान कोई और नहीं**– अमित शाह ने कहा कि नए भवन में सेंगोल रखा जाएगा। सेंगोल अंग्रेजों से सत्ता मिलने का प्रतीक है। शाह ने बताया कि सेंगोल जिसे प्राप्त होता है, उससे उम्मीद की जाती है कि न्यायपूर्ण और निष्पक्ष शासन की अपेक्षा की जाती है। सेंगोल की स्थापना के लिए देश का संसद भवन अधिक उपयुक्त स्थान है, ससंद से अधिक उपयुक्त, पवित्र और उचित स्थान कोई नहीं हो सकता। सेंगोल को किसी संग्राहलय में रखना अनुचित है। इसलिए पीएम मोदी जब संसद भवन देश को समर्पित करेंगे तब उन्हें तमिलनाडु से आया सेंगोल प्रदान किया जाएगा।

**सेंगोल हमारे इतिहास की पहचान**– अमित शाह ने बताया कि एतिहासिक सेंगोल का इस्तेमाल पंडित जवाहरलाल नेहरू ने भी 14 अगस्त 1947 को किया था। अंग्रेजों ने सत्ता भारत को सौंपते हुए सेंगोल का उपयोग किया था। सेंगोल एक तमिल शब्द है, जिसका अर्थ है धन से भरा हुआ। सेंगोल के पीछे युगों पुरानी एक परंपरा जुड़ी हुई है। सेंगोल हमारे इतिहास की पहचान है। पीएम मोदी को जब इसके बारे में पता चला तो इसकी जांच की गई। इसके बाद तय किया गया कि नए संसद के उद्घाटन के दौरान सेंगोल देश के सामने रखा जाएगा। अमित शाह ने कहा कि उद्घाटन कार्यक्रम में सभी विपक्षी नेताओं को बुलाया गया है। हमें संसद के उद्घाटन कार्यक्रम का राजनीतिकरण नहीं करना चाहिए।

### संजय सिंह के सहयोगियों के घर ईडी की छापेमारी, सांसद बोले- इस हथकंडे के आगे न झुकेंगे और न रुकेंगे

नई दिल्ली। दिल्ली शराब घोटाला मामले में अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आप नेता और सांसद संजय सिंह के सहयोगियों के घर छापेमारी की। इस कार्रवाई के खिलाफ आप सांसद संजय सिंह ने आरोप लगाया कि जब उनके खिलाफ कुछ नहीं मिला तो ईडी इस तरह का हथकंडा अपना रही है। उन्होंने कहा कि 'मैं ईडी और केंद्र सरकार के इस हथकंडे के आगे न झुकेंगे और न ही रुकेंगे। सांसद संजय सिंह ने कहा कि मैंने ईडी और मोदी सरकार की तानाशाही को पूरे देश में उजागर किया। इस बात का सच पूरे देश के सामने रखा कि कैसे ईडी अपनी संस्था और ताकत का गलत इस्तेमाल करके शराब घोटाले में लोगों को फंसाने की कोशिश कर रही है। जब उन्हें (ईडी) को मेरे खिलाफ कुछ नहीं मिला तो उससे उन्होंने गलती मानी और अब मेरे सहयोगियों के पीछे पड़ गए हैं। संजय सिंह आगे कहते हैं कि आज सुबह मामूल चला कि मेरे साथियों के घर पर छापेमारी हुई। मैं ईडी को बता देना चाहता हूं किसी भी तरीके से कोई हथकंडा अपना लो तुम्हारे सामने न झुकेंगे न रुकेंगे और न ही मोदी सरकार के इस हथकंडे के आगे। साथ ही कहा कि आपसे लड़ेंगे और आपको उजागर करेंगे।

## महाठग संजय शेरपुरिया से ईडी ने छह घंटे की पूछताछ, फंस सकते हैं कई नेता व अफसर




लखनऊ। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की एसटीएफ टीम ने लखनऊ जेल में बंद जालसाज संजय राय शेरपुरिया से पूछताछ की है। ईडी एसटीएफ के असिस्टेंट डायरेक्टर के नेतृत्व में चार सदस्यीय टीम सुबह 10 बजे गोसाईगंज स्थित जिला कारागार पहुंची, जहां हाई सिक्योरिटी बैरक में बंद शेरपुरिया से छह घंटे तक गहन पूछताछ की।

बीते कई दिनों से लखनऊ में डेरा डाले नई दिल्ली की यह टीम उसके करीबियों के बारे में छानबीन कर रही है। सूत्रों की मानें तो टीम ने शेरपुरिया से उससे कई राजनेताओं, अफसरों और उद्योगपतियों से संबंधों के बारे में सवाल किए। साथ ही, जिन जांच एजेंसियों के अधिकारियों से गहरे संबंधों का हवाला देकर वह लोगों के केस खत्म कराने का झांसा देता था, उन अधिकारियों के नाम भी पूछे गए। अधिकारियों ने उद्योगपति गौरव डालमिया से लिए गए छह करोड़ रुपये किन कंपनियों में ट्रांसफर किए, इसे लेकर भी सवाल किए। ईडी के इस कदम के बाद शेरपुरिया के संपर्क में रहने वाले नेताओं और अफसरों की मुश्किलें बढ़ना तय माना जा रहा है। सूत्रों की मानें तो टीम ने ऐसे तमाम लोगों की फेहरिस्त तैयार की है, जिसे मुख्यालय भेजा जाएगा। इसके बाद इन सभी को नई दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय बुलाकर पूछताछ की जाएगी।

## हाईकोर्ट : अफजाल अंसारी की याचिका पर सुनवाई टली, एमपी-एमएलए कोर्ट के आदेश को दी है चुनौती

प्रयागराज। संसद की सदस्यता खत्म होने के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट में दाखिल पूर्व सांसद अफजाल अंसारी की याचिका पर सुनवाई फिलहाल टल गई है। इस मामले की सुनवाई अब कल यानी 25 मई को होगी। गाजीपुर की एमपीएमएलए कोर्ट ने मुख्तार अंसारी और सांसद अफजाल अंसारी को गैंगस्टर एक्ट में दोषी पाते हुए सजाई सुनाई है। मुख्तार अंसारी को 10 वर्ष और अफजाल अंसारी को चार साल की सजा मिली है। स्पेशल कोर्ट के फैसले के खिलाफ अफजाल अंसारी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। चार साल की सजा मिलने के कारण उनकी लोकसभा की सदस्यता भी समाप्त हो गई है। अफजाल अंसारी 2019 में गाजीपुर से बसपा के टिकट पर सांसद चुने गए थे। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी और वर्तमान में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा को पराजित किया था। अफजाल अंसारी ने एमपीएमएलए कोर्ट के फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। जिस पर बुधवार को सुनवाई होनी थी। अदालत ने मामले की सुनवाई को एक दिन के लिए टाल दिया है। अब इस केस की सुनवाई 25 मई को होगी।

## 'संवैधानिक मूल्यों से बनती है संसद, अहंकार की ईंटों से नहीं': नए संसद भवन पर राहुल का तंज



नई दिल्ली। कंग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को नए संसद भवन और उसके उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर केंद्र सरकार पर तंज कसा। राहुल ने कहा कि संसद संवैधानिक मूल्यों से बनती है, न कि अहंकार की ईंटों से। उन्होंने यह भी कहा कि कहा कि संसद के नए भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों नहीं कराया जाना और समारोह में भी उन्हें आमंत्रित नहीं किया जाना देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद का अपमान है। राहुल ने अपने ट्वीट में कहा, ह्यह्यराष्ट्रपति से संसद का उद्घाटन न करवाना और न ही उन्हें समारोह में बुलाना - यह देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद का अपमान है। संसद अहंकार की ईंटों से नहीं, बल्कि संवैधानिक मूल्यों से बनती है। राहुल के इस ट्वीट पर कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट कर कहा, ह्यह्यसंसद में 'लोकतंत्र' की शहनाई बजनी चाहिए, लेकिन जब से स्वघोषित विश्वगुरु पधारे हैं 'एकतंत्र' की तोप चलाई जा रही है। इमारत नहीं, नीयत बदलो! प्रधानमंत्री मोदी 28 मई को संसद के नए भवन का उद्घाटन करेंगे। गौरतलब है कि इसे लेकर विपक्ष के 19 दलों ने बुधवार को एलान किया कि वे संसद के नए भवन के उद्घाटन समारोह का सामूहिक रूप से बहिष्कार करेंगे, क्योंकि इस सरकार के कार्यकाल में संसद से लोकतंत्र की आत्मा को निकाल दिया गया है और समारोह से राष्ट्रपति को दूर रखकर 'अशोभनीय कृत्य' किया गया है। इन दलों ने संयुक्त बयान में यह आरोप भी लगाया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को उद्घाटन समारोह से दरकिनार करना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संसद के नए भवन का उद्घाटन करने का फैसला लोकतंत्र पर सीधा हमला है।

### इमरान खान की पार्टी की समर्थक खदीजा गिरफ्तार जिन्ना हाउस पर हमले की अगुवाई करने का आरोप



इस्लामाबाद। जिन्ना हाउस पर हमले के मामले में पाकिस्तान-तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) की समर्थक फैशन डिजाइनर खदीजा शाह को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद उनके समर्थकों ने नौ मई को जिन्ना हाउस पर हमला कर दिया था। पंजाब पुलिस ने मंगलवार को कहा कि लाहौर कोर कमांडर हाउस पर हमले की 'मुख्य संदिग्ध' खदीजा शाह को हिरासत में लिया गया है। खदीजा शाह ने अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण नहीं किया, जबकि उन्होंने पहले दावा किया था कि वह खुद उनके सामने पेश होंगी। उनके पति और परिवार के अन्य सदस्यों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। पीटीआई प्रमुख इमरान खान को इसी महीने नौ मई को अल-कादिर ट्रस्ट मामले में गिरफ्तार किया गया था, जिसके बाद पूरे पाकिस्तान हिंसक विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए थे। उनकी पार्टी के नेताओं और समर्थकों ने जिन्ना हाउस में घुसकर आग लगा दी थी और कई सैन्य प्रतिष्ठानों पर भी हमला किया था। पंजाब के अंतरिम मुख्यमंत्री मोहसिन नकवी ने पिछले हफ्ते घोषणा की थी कि सैन्य प्रतिष्ठान पर हमले के मामले में शामिल महिलाओं को हर कीमत पर गिरफ्तार किया जाएगा। 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' की खबर के मुताबिक,आत्मसमर्पण से कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर वायरल एक ऑडियो क्लिप में शाह को यह बताते हुए सुना जा सकता है कि उनके परिवार को इन दिनों कितनी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने स्वीकार किया कि वह पीटीआई की समर्थक हैं और लाहौर कोर कमांडर हाउस के बाहर प्रदर्शन का हिस्सा थीं लेकिन उन्होंने लोगों को हिंसा के लिए उकसाने सहित कुछ भी गलत करने से इनकार किया।

## केंद्र के अध्यादेश पर सियासी जंग, अरविंद केजरीवाल ने की उद्धव ठाकरे से मुलाकात, राज्यसभा में मांगा समर्थन



मुंबई। दिल्ली में अधिकारियों के ट्रांसफर और पोस्टिंग को लेकर केंद्र और दिल्ली सरकार में ठन गई है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ विपक्षी दलों के नेताओं से मुलाकात कर समर्थन मांग रहे हैं। केजरीवाल ने इसी सिलसिले में बुधवार को शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे से मुलाकात की है।

**केजरीवाल ने शिवसेना (यूबीटी) से मांगा समर्थन**– अरविंद केजरीवाल बुधवार को मुंबई में स्थित मातोश्री पहुंचे। इस दौरान उनके साथ पंजाब के सीएम भगवंत मान और पार्टी सांसद राघव चड्ढा भी मौजूद थे। आम आदमी पार्टी के नेताओं ने उद्धव ठाकरे और सांसद संजय राउत से मुलाकात की।

**केजरीवाल को मिला ममता बनर्जी का साथ**– इससे पहले, पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने केजरीवाल को अपना समर्थन दे दिया। अरविंद केजरीवाल ममता के समर्थन के लिए भगवंत मान के साथ मंगलवार शाम राज्य सचिवालय नवान्न पहुंचे थे। तीन राज्यों के मुख्यमंत्रियों के बीच वहां करीब एक घंटे बैठक हुई, जिसके बाद उन्होंने संयुक्त रूप से संवाददाता सम्मेलन किया। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) इसका विरोध करेगी और सुप्रीम कोर्ट जाएगी।

**ममता ने किया अध्यादेश का विरोध**– ममता बनर्जी ने अध्यादेश का विरोध किया और इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाने की बात कही। उन्होंने इस मुद्दे पर विरोधी दलों से भी राज्यसभा में एकजुट होने की अपील की है। विरोधी दलों से भी एकजुट होने की अपील करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले राज्यसभा में भाजपा को हराने का अच्छा मौका होगा।

**एजेंसियों से डराती है भाजपा: अरविंद केजरीवाल**– अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भाजपा जिस राज्य में सरकार नहीं बना पाती, वहां सीबीआई-ईडी जैसी एजेंसियों से डराती है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि बंगाल और पंजाब का स्वतंत्रता संग्राम के समय से ही बेहद मजबूत रिश्ता है।

## आजम को राहत: भड़काऊ भाषण मामले में गई थी सपा नेता की विधायकी, अब उसी केस में हुए बरी



रामपुर। समाजवादी पार्टी के नेता और पूर्व विधायक आजम खां को बड़ी राहत निली है। बुधवार को निचली अदालत ने भड़काऊ भाषण के मामले में सजा के आदेश को खारिज कर दिया है। बताते चलें कि यह वही भड़काउ भाषण का मामला है, जिसमें आजम खान कि विधायकी गई थी और उन्हें तीन साल की सजा सुनाई गई थी। निचली अदालत द्वारा सजा सुनाए जाने के बाद आजम खां की तरफ से इसके खिलाफ सेशन कोर्ट में अपील की गई थी। मामला 2019 के लोकसभा चुनावों के समय का है। आजम खान पर जिलाधिकारी और संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों के खिलाफ हेट स्पीच का आरोप लगा था। आरोप था कि आजम ने पीएम मोदी और सीएम योगी के खिलाफ भी आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया था। जिसके बाद उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। हालांकि आजम खान ने यह चुनाव जीत लिया था लेकिन 2022 में उन्होंने विधानसभा चुनाव सीट से लड़ने के कारण अपनी सांसदी छोड़ दी थी। इसके बाद रामपुर लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में समाजवादी पार्टी को झटका लगा था। 28 अक्टूबर 2022 को निचली अदालत द्वारा दिए गए फैसले में आजम खान की विधायकी को रद्द करते हुए उन्हें तीन साल की सजा सुनाई गई थी।


## दूसरे विकासशील देशों से बेहतर भारत का विदेशी मुद्रा भंडार, देश के आर्थिक हालात पर पीयूष गोयल का भरोसा



नई दिल्ली। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि भारत के पास एक मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार है। अगले पांच-छह साल में खराब-से-खराब परिस्थितियों में देश की सभी जरूरतों को पूरा करने के लिए विदेशी मुद्रा भंडार संतोषजनक स्थिति में है। बता दें, भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, 12 मई 2023 को खत्म हुए हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार 3.55 बिलियन डॉलर की छलांग के साथ 599.53 बिलियन डॉलर पर जा पहुंचा है। पिछले दो हफ्ते आरबीआई के विदेशी मुद्रा भंडार में 11.7 बिलियन डॉलर का उछाल आया है। इससे पहले 5 मई को खत्म हुए सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 595.97 अरब डॉलर रहा था। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक सत्र को संबोधित करते हुए गोयल ने कहा कि सरकारी प्रयासों ने मुद्रास्फीति के प्रबंधन में मदद की है। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि रिजर्व बैंक ने भी इसे मान्यता देते हुए पिछली मौद्रिक समीक्षा बैठक में ब्याज दरों में बदलाव नहीं किया है। विदेशी मुद्रा भंडार पर बात करते हुए गोयल ने कहा हमारे पास मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार है। आज अपने विदेशी मुद्रा भंडार की वजह से भारत खराब से खराब स्थिति में भी अगले पांच-छह साल की जरूरतों को पूरा करने की दृष्टि से संतोषजनक स्थिति में है। उन्होंने कहा कि दुनिया में कोई भी अन्य विकासशील देश इस तरह की बेहतर स्थिति में नहीं है। यह पहली बार है जब कारोबारी ब्याज दरों को विकसित देशों के समान देख रहे हैं। वाणिज्य और उद्योग मंत्री ने कहा कि उद्योग को गुणवत्ता, नवाचार और कुशल जनशक्ति पर ध्यान केंद्रित करने का सुझाव देना चाहिए। यह मेरा मानना है कि यह निवेश के लिए, विकास के लिए और हमारे अंतरराष्ट्रीय पहुंच का विस्तार करने के लिए, प्रौद्योगिकी लाने के लिए, देश में नवाचार लाने के लिए एक अवसर है। उन्होंने आगे कहा कि भारत के व्यापारिक साझेदार चाहते हैं कि भारत मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के लिए तेजी से बातचीत करे। बता दें, फिलहाल भारत अभी कनाडा, ईएफटीए (यूरोपियन मुक्त व्यापार संघ), ब्रिटेन और यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ इस तरह के समझौतों के लिए बातचीत कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह वैश्विक व्यवस्था में भारत के बढ़ते महत्व को दशार्ता है। एफटीए दो तरफा यातायात है। मुझे बहुत दुख होता है जब मुझे कभी-कभी कहा जाता है कि मैं (उद्योग) यूरोपीय संघ के बाजार तक पहुंच चाहता हूं, लेकिन कृपया उन्हें इसकी अनुमति न दें। गोयल ने कहा कि वे दिन गए। यह एक नया भारत है। यह एक ऐसा भारत है जो पूरी ताकत से और पूरे विश्वास के साथ दुनिया के साथ जुड़ता है। मंत्री ने भरोसा जताया कि 2030 तक देश 2,000 अरब डॉलर के वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात के आंकड़े पर पहुंच जाएगा।

## कन्नूर में एक ही परिवार के तीन बच्चों समेत 5 लोगों के शव बरामद, हत्या के बाद खुदकुशी की आशंका

कन्नूर। केरल के कन्नूर जिले में दिल दहला देने वाला एक मामला सामने आया है। यहां एक घर में एक ही परिवार के पांच लोग मृत पाए गए हैं। घर में इतनी बड़ी संख्या शव मिलने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गई है। होश उड़ा देने वाला ये मामला चेरपुज्हा का बताया जा रहा है। समाचार एजेंसी के मुताबिक, चेरपुज्हा के एक घर में पांच लोगों का परिवार रहता था। बुधवार सुबह यहां तीन बच्चों समेत पांच लोगों के शव मिलने से हड़कंप मच गया। आनन-फानन में पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को अपने कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। प्रारंभिक जांच के अनुसार यह हत्या और आत्महत्या का मामला लग रहा है। बताया जा रहा है कि दंपती ने पहले तीन बच्चों की हत्या की और फिर पंखे पर फंदा डालकर खुदकुशी कर ली। एजेंसी ने बताया कि दोनों ने पिछले हफ्ते ही शादी की थी। मृत पाए गए तीन बच्चे महिला की पहली शादी से थे। बच्चों के शव सीढ़ियों से लटके मिले हैं, जबकि दंपती का शव पंखे से लटका मिला है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि ये घटना 23-24 मई की रात की है। आसपास के लोगों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी थी। फिलहाल मामले की तफ्तीश की जा रही है।



## संपादकीय

# निजता पर जोखिम

आधुनिक तकनीकी के विस्तार के साथ-साथ सूचना और संवाद के क्षेत्र में सोशल मीडिया की भूमिका जगजाहिर है। आज हालत यह है कि दुनिया की ज्यादातर आबादी इसके दायरे में है और किसी न किसी रूप में लोग ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम, वाट्सऐप जैसे सोशल मीडिया के मंचों का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन इसका दूसरा पहलू यह है कि फेसबुक या अन्य सोशल मीडिया मंचों पर बेफिक्र होकर वक्त गुजारने वाले लोगों की निजता बुरी तरह प्रभावित हो रही है और इन मंचों के संचालक ऐसी लापरवाहियों के खिलाफ कार्रवाई के बावजूद खुद में सुधार को लेकर गंभीर नहीं हैं। ताजा मामला सोशल मीडिया के मंच फेसबुक और वाट्सऐप का परिचालन करने वाली कंपनी मेटा से जुड़ा है, जिसमें उस पर निजता के नियमों के उल्लंघन का आरोप है। यूरोपीय संघ ने इस आरोप की पूरी पड़ताल के बाद मेटा को दोषी पाया और इस मामले में उस पर 1.3 अरब डालर का जुमार्ना लगाया है। साथ ही यूरोपीय संघ ने उपयोगकताओं से संबंधित किसी जानकारी को अमेरिका भेजे जाने पर भी रोक लगा दी। दरअसल, फेसबुक पर ऐसे आरोप लगाए गए थे कि वह उपयोगकताओं की निजी जानकारी या डेटा आंग्ल-अमेरिकी खुफिया एजेंसियों के साथ साझा करती है और इसी की मदद से बड़े पैमाने पर लोगों की निगरानी की जाती है। लगभग पांच साल पहले यूरोपीय संघ में निजता के उल्लंघन से संबंधित सख्त कानून लागू होने के बाद किसी सोशल मीडिया मंच पर लगाया गया यह सबसे बड़ा जुमार्ना है। इसी साल की शुरूआत में यूरोपीय संघ के डेटा से जुड़े नियमों का उल्लंघन करने की वजह से आयरलैंड ने मेटा पर 5.5 मिलियन यूरो का जुमार्ना लगाया था। इससे पहले भी मेटा को निजता के नियमों का अनुपालन नहीं करने पर भारी जुमार्ना देना पड़ा है। लेकिन इस तरह की सख्त कार्रवाइयों के बावजूद आम लोगों की निजता को भंग करने वाली जानकारी को मनमाने तरीके से किसी और को बेचे या भेजे जाने की प्रवृत्ति पर रोक नहीं लग पा रही है। समय-समय पर हो रही इस तरह की कार्रवाइयों से यह साफ है कि सोशल मीडिया पर अलग-अलग मंचों का परिचालन करने वाली कंपनियां अपने उपयोगकताओं की निजता की न केवल सुरक्षा नहीं कर पा रही हैं, बल्कि अपनी मनमर्जी से और लोगों को जानकारी दिए बिना उनसे संबंधित संवेदनशील सूचनाएं किसी तीसरे पक्ष को बेच देती हैं या किसी परोक्ष समझौते तहत भेजती हैं। इस तरह का तालमेल सिर्फ कारोबारी मुनाफा कमाना भी हो सकता है और इसके पीछे व्यापक पैमाने पर लोगों की निजता पर निगरानी करने की मंशा भी संभव है। यह सब जानते हैं कि लोगों के आम व्यवहार में इंटरनेट के शामिल होने का दायरा जैसे-जैसे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे साइबर दुनिया में कई तरह के खतरे भी बढ़ रहे हैं। लेकिन आधुनिकी तकनीकी के विकास के इस चरम दौर में भी निजता और अन्य इंटरनेट उपयोग को लेकर जोखिम भी लगातार बढ़ते जा रहे हैं। कायदे से सोशल मीडिया के मंचों का संचालन करने वाले समूहों से लेकर इस तरह के अन्य संस्थानों की जिम्मेदारी थी कि वे आम लोगों की संवेदनशील जानकारियों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करें। मगर इसके बजाय वे खुद ही निजता के उल्लंघन में संकोच नहीं कर रही हैं और ऐसे करने को सही भी ठहराती हैं। सवाल है कि क्या मेटा या सोशल मीडिया के अन्य मंचों का संचालन करने वाली कंपनियां उपयोगकताओं से संबंधित निजी जानकारियों को किसी तीसरे पक्ष को बेचना या भेजना ही अपने मुनाफे का जरिया मानती हैं या फिर क्या वे आम लोगों की निजता पर निगरानी के किसी व्यापक तंत्र का हिस्सा हैं?

## है मचा कोहराम!



लेकर के उद्घाटन को ।
है मचा कोहराम ।।
हम ना उसमें जाएंगे ।
नहीं हमारा काम ।।
बात बात पर राजनीति ।
है होना हर हाल ।।
कर के रहेंगे हम तो ।
अब वो हर कमाल ।।
छिड़ा घमासान है ।
है हमको ना जाना ।।
बार बार हंस कर ।
बंद करो बुलाना ।।
अलग राह हम भी ।
रहे अब तलाश ।।
हो जाएगा जल्द बहुत ।
आपको अहसास ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# नशे में गर्क होती नई पीढ़ी

खतरनाक नशे का दानव देश को जैसे चुनौती दे रहा है कि बचा सको तो बचा लो अपनी जवान हो रही पीढ़ी को। गृहमंत्री ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के नशा निरोधक कार्यबल को सन 2047 तक देश को नशामुक्त करने का संकल्प अवश्य दिलाया है, मगर ये एजेंसियां और पुलिस इतनी सजग और ईमानदार होतीं तो हालात यहां तक न पहुंचते। स्वतंत्र संस्था थिंक चेंज ने एक अध्ययन में चेतावनी दी है कि कोरोना काल के बाद देश में नशीले पदार्थों की खपत तेजी से बढ़ी है। हालात नहीं बदले, तो अगले एक दशक में नशा विकराल रूप ले लेगा।

रिपोर्ट में सबसे अधिक दस से सत्रह वर्ष आयु के बच्चों और किशोरों के प्रभावित होने की आंशका व्यक्त की गई है। चेतावनी हल्की नहीं है। नशे की आसान पहुंच मिडिल और हाई स्कूलों तक हो चुकी है। छोटी उम्र में बच्चों को हास्टलों और कोचिंग संस्थानों में भेजने की प्रवृत्ति और देश में कानून अनुपालन में सुस्ती ने बच्चों और किशोरों को नशे के नजदीक तक पहुंचा दिया है। अनुमान है कि देश में नशे का कारोबार पंद्रह लाख करोड़ रुपए प्रतिवर्ष से अधिक का है। देश की तीन फीसद आबादी पूरी तरह खतरनाक नशे की चपेट में है। अब सिर्फ मिजोरम, पंजाब, दिल्ली ही नहीं, जहां नशा करने वालों के संख्या सर्वाधिक है, देश के हर कोने में छोटे-छोटे गांवों और कस्बों तक प्रतिबंधित नशीले पदार्थों की आसान उपलब्धता है। पिछले साल गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह से तीन हजार किलो खतरनाक नशे का जखीरा, दिल्ली और लखनऊ से तीन सौ बाईस किलो की बरामदगी हुई, जिसकी आपूर्ति शृंखला में चिकित्सा, इंजीनियरिंग, आइआइटी, आइआइएम, फैशन डिजाइनिंग के छात्रों को जोड़ा गया था। कोटा, बंगलुरू, हैदराबाद, पुणे में जिस तेजी से आईटी क्षेत्र विकसित हुए, उसी तेजी से उनमें नशे का कारोबार फैला है।

एम्स द्वारा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कराए गए एक सर्वेक्षण में अकेले दिल्ली में नब्बे हजार खतरनाक नशे के आदी लोगों की पहचान हुई है। इनमें उनतालीस फीसद उन्नीस से अड़तीस वर्ष के युवा हैं। देश में दस से सत्रह वर्ष आयु के 1.48 करोड़ बच्चे और किशोर शराब, अफ्रीम, कोकेन, भांग, गांजा का सेवन कर रहे हैं। स्कूली बच्चों में ई-सिगरेट और साइक्रोट्रापिक ड्रग की लत बहुत तेजी से बढ़ी है। वेबसाइटें धड़ल्ले से आनलाइन नशीली समाग्री का विक्रय कर रही हैं, तो शहरों और कस्बों के कुछ दवा व्यवसायी इसे उपलब्ध करा रहे हैं। स्कूल-कालेजों के पास स्थित पान-चाय की दुकानों सहित अन्य दुकानदार इस तरह की समाग्री के विक्रय को अवैध कमाई का जरिया बना चुके हैं। साइक्रोट्रापिक ड्रग्स को छोटे शहरों और कस्बों में अधिकांश होटल और रेस्तरां मालिक छात्रों को पार्टी आयोजनों में आसानी से उपलब्ध करा रहे हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के अनुसार जहां सन 2019 में नशे की लत से परेशान 7 हजार 800 व्यक्तियों ने आत्महत्या की, सन 2021 में यह आंकड़ा बढ़ कर 10 हजार 560 पर जा पहुंचा है। नशे की वजह से आत्मघाती प्रवृति दो साल में बीस फीसद की दर से बढ़ी है। पंजाब में स्कूली बच्चों की रिपोर्ट बताती है कि राज्य का हर तीसरा छात्र और दसवीं छात्रा नशे की लत का शिकार हो चुकी है। सामाजिक न्याय विभाग के अनुसार देश की कुल आबादी का 14.6 फीसद हिस्सा नशे की गिरफ्त में है, जिसमें से तीन फीसद खतरनाक नशे का आदी है। देश में तेजी से फैलते जहर के खिलाफ अगर सरकारें और आम जन नहीं चेता तो 2050 तक आधी युवा आबादी नशे की गिरफ्त में होगी। आंध्रप्रदेश, पंजाब और ओड़ीशा गांजे के बड़े आपूर्तिकर्ता राज्य हैं।



पहले कभी ऊंटों के माध्यम से होने वाला यह अवैध कारोबार अब समुद्री मार्ग और ड्रोन के जरिए हो रहा हे। कच्छ के मुंद्रा और जखाऊ बंदरगाह से सूरजवारी और सामखियाली राजमार्ग से होता हुआ देश के कोने-कोने तक नशीला पदार्थ पहुंच रहा है। पिछले साल गुजरात एटीएस ने मोरबी जिले के छोटे से गांव झिझुडा से 120 किलो नशीला पदार्थ पकड़ा, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बजार में कीमत 600 करोड़ रुपए थी। हाल में एनसीबी और नौसेना के संयुक्त अभियान के तहत केरल के कोच्चि के समुद्र तट से बारह हजार करोड़ रुपए का 2500 किलोग्राम नशीला पदार्थ एक पाकिस्तानी नौका से बरामद किया है। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, दक्षिण और पूर्वी राज्यों में केमिकल ड्रग्स मेंथा, एलएसडी, म्याउ-म्याउ, सफेद पाउडर, टिकट जैसे नशीले पदार्थों की पहुंच बच्चों और किशोरों तक हो चुकी है। देश में नशीले पदार्थों की रोकथाम के लिए बना कानून इस गैर-कानूनी कारोबार की रोकथाम में कमजोर साबित हो रहा है। सजा का पूरा नजरिया पुलिस की ईमानदारी पर निर्भर करता है। मौत के सौदागर इन अपराधियों के लिए सजा का मामूली प्रावधान देश में अपराध को बढ़ाने वाला रहा है। देश में नशीले पदार्थों का कारोबार राज्यों की सीमाओं पर चलता है, क्योंकि राज्यों की सुरक्षा एजेंसियों में समन्वय की कमी और राज्य सरकारों में राजनीतिक विद्वेष की भावना नशा माफिया के संरक्षण का कारण बन रही है। नशा माफिया की कमर तोड़ने के इरादे से सीबीआइ ने इंटरपोल और एनसीबी की मदद से आठ राज्यों में आपरेशन गरुण चालाया था। हेरोइन, चरस, मेफेड्रोन, स्मैक, नशीले इंजेक्शन, गांजा, अफीम की बड़ी बरामदगी के साथ 6600 संदिग्धों की गिरफ्तारी हुई थी। मगर राज्य सरकारें समांजस के आभाव में इस अभियान को जारी नहीं रख सकीं। आज जहां माफिया आधुनिक तकनीकी सुविधाओं से देश के छोटे गांवों तक अपनी आसान पहुंच बना चुका है, वहीं देश के अलग-अलग राज्यों के नौ सौ थानों में संचार साधनों की उपलब्धता तक नहीं है। देश के 233 पुलिस थानों में वाहन नहीं हैं। 115 थानों में वायरलेस सेट नहीं है। देश के 17 हजार 233 पुलिस थानों के आधुनिकीकरण के लिए केंद्र सरकार राज्यों को राशि देती है। 2021-22 में केंद्र ने 158.56 करोड़ रुपए जारी किए थे। पिछले वर्षों में राज्यों को दी गई राशि खर्च न होने की वजह से 742.10 करोड़ रुपए बच गए। राज्य सरकारें पुलिस के आधुनिकीकरण में बहुत पीछे हैं, जबकि अपराधियों की गति बहुत तेज है। नशा कारोबारी अब इस धंधे में महिला गिरोह को भी शामिल करने लगे हैं, जबकि देश में महिला पुलिस कर्मियों की संख्या बहुत कम है। देश की अदालतें महिला अपराधी की गिरफ्तारी महिला पुलिस से ही कराने का पक्षधर हैं, जबकि देश भर में 2800 महिलाओं पर एकमात्र महिला पुलिसकर्मी है। राज्यों के हालात ये हैं कि एसटीएफ के विशेष प्रशिक्षित जवानों को मंत्रियों और अफसरों के संतरी बना कर बंगलों की चौकीदारी में लगाया गया है। जबकि नगर सेवा के जवान पुलिस थाने चला रहे हैं। अकेले मध्य प्रदेश में एसटीएफ के चार हजार से अधिक जवान अपराधियों की धर-पकड़ के बजाय मंत्रियों और पुलिस अफसरों की चाकरी कर रहे हैं। नशीली समाग्री के त्वरित परीक्षण के लिए राज्यों के पास पर्याप्त प्रयोगशालाएं नहीं हैं। जब्त समाग्री की जांच में महीनों लग जाते हैं, जिससे नतीजे सही नहीं आ पाते हैं। बढ़ती जनसंख्या, रोजगार की कमी, छोटे व्यवसायियों के रोजगार छिनने, कार्यस्थलों पर तनाव, बच्चों पर पढ़ाई का बोझ, संयुक्त परिवारों में टूटन से बच्चों और किशोरों का बढ़ता अकेलापन उन्हें नशे की तरफ धकेल रहा है। अगर सरकारें इसे लेकर अब भी गंभीर नहीं हुईं, तो आने वाली पीढ़ियां मानसिक अपंगता के साथ अपराध में प्रवृत्त होंगी।

# मौत के ताबूत बने मिग-21 लड़ाकू विमानों पर रोक लगाकर वायुसेना ने सराहनीय फैसला लिया

भारतीय वायुसेना ने लड़ाकू विमान मिग-21 के पूरे बेड़े की उड़ान पर अस्थाई तौर पर रोक लगा दी है। लगातार हो रहे हादसों को देखते हुए एयरफोर्स ने यह फैसला लिया है। राजस्थान में सूरतगढ़ के पास 8 मई को एक नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान एक मिग-21 एयरक्राफ्ट क्रैश होकर आबादी क्षेत्र के मकानों पर गिर गया था। उस हादसे में 3 महिलाओं की जान चली गई थी। वायु सेना ने मिग-21 लड़ाकू विमानों के पूरे बेड़े को उड़ान भरने से तब तक के लिए रोक दिया है जब तक कि राजस्थान में हुए हादसे की जांच पूरी नहीं हो जाती है।

मौत के उड़ते ताबूत कहलाने वाले मिग-21 लड़ाकू विमान के आये दिन दुर्घटनाग्रस्त होते रहने के कारण उन्हें फ्लाइंग कॉफिन और विडो मेकर कहा जाने लगा है। इस कारण इनको स्थायी रूप से सेना से बाहर करने की मांग होती रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय वायुसेना के 400 से ज्यादा मिग-21 विमान पिछले 60 सालों में दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। जिसमें 200 से अधिक पायलटों और 63 नागरिकों की जान जा चुकी है। अभी वायु सेना के पास मिग-21 बाइसन की तीन स्क्वाड्रन हैं। जिन्हें 2025 की शुरूआत में चरणबद्ध तरीके से वायु सेना से हटाया जाएगा।

मिग-21 को 1960 के दशक में भारतीय वायु सेना में शामिल किया गया था। एक जमाने में ये दुनिया के सबसे ताकतवर लड़ाकू विमानों में शामिल था। इसकी तेज रफ्तार और मारक क्षमता के आगे अमेरिका जैसे देश भी डरते थे। ये इकलौता ऐसा लड़ाकू विमान है जिसे दुनियाभर के 60 से ज्यादा देशों में इस्तेमाल किया गया है। अब तक इस लड़ाकू विमान की 11 हजार 496 यूनिट्स का निर्माण किया जा चुका है। मिग-21 विमानन इतिहास का पहला सुपरसोनिक जेट विमान है। सत्तर के दशक में यह दुनिया में सबसे ज्यादा बिकने वाला फाइटर प्लेन था। मिग-21 वही फाइटर प्लेन है जिससे भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर अभिनंदन ने पाकिस्तान के लड़ाकू विमान एफ-16 को मार गिराया था। हालांकि उनका मिग-21 विमान भी क्रेश कर गया था। इसके अलावा पाकिस्तान के साथ हुए 1971 और 1999 के कारगिल युद्ध में भी मिग-21 ने अहम भूमिका निभाई थी। मिग-21 बाइसन फाइटर जैट का इस्तेमाल अब केवल इंटरसेप्टर के रूप में किया जा रहा है। इनका उपयोग लड़ाकू जेट के रूप में सीमित भूमिका के साथ ज्यादातर प्रशिक्षण अभ्यास के लिए किया जाता है। ये विमान एयरक्राफ्ट शॉर्ट रेंज और मीडियम रेंज एयरक्राफ्ट मिसाइलों से हमला करने में सक्षम है। इस लड़ाकू विमान की स्पीड 2229 किलोमीटर प्रति घंटा की है।

मिग-21 लडाकू विमान को बनाने वाली सोवियत वायु सेना ने इसे 1985 में ही अपनी वायु सेना से हटा दिया था। 1985 के बाद बांग्लादेश और अफगानिस्तान ने भी इसे सेवा से हटा दिया था। भारत में भी 1990 के दशक के मध्य में इनकी सेवानिवृत्ति की अवधि पूरी हो गई थी। इसके बावजूद इनका उन्नयन किया जाता रहा है। अक्टूबर 2014 में तत्कालीन वायु सेना प्रमुख ने कहा था कि पुराने विमानों को सेवा से हटाने में देरी से भारत की सुरक्षा को खतरा है, क्योंकि वायु सेना बेड़े के कुछ विमान बहुत पुराने हो गये हैं। नए लड़ाकू विमानों को शामिल करने में देरी के कारण भारतीय वायु सेना को मिग 21 विमानों को लंबे समय तक सेवा में रखना पड़ा। वायुसेना को भारत के आसमान की रक्षा के लिए एक निश्चित संख्या में स्क्वाड्रन ताकत बनाए रखने की कमी का सामना करना पड़ रहा है। स्वदेशी तेजस कार्यक्रम में देरी, राफेल सौदे को लेकर राजनीतिक विवाद और धीमी गति वाली खरीद प्रक्रिया के कारण ही मिग-21 को सामान्य से अधिक समय तक सेवा में रखना पड़ रहा है।

जुलाई 2022 में भारतीय वायु सेना ने शेष सभी मिग-21 लड़ाकू स्क्वाड्रन को चरणबद्ध तरीके से हटाने के लिए तीन साल की कार्य योजना तैयार की थी। जिसमें से एक स्क्वाड्रन सितंबर में सेवानिवृत्त होने वाली है। एक समय मिग-21 विमान अपने सभी संस्करणों के साथ भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों के बेड़े की रीढ़ बना था। वहीं वायुसेना में दुर्घटनाओं की संख्या भी मिग-21 विमानों में सबसे अधिक थी। भारतीय वायु सेना मिग-21 लड़ाकू विमानों को मजबूरी में उड़ा रही थी। भारतीय वायु सेना को पाकिस्तान व चीन से दो मोर्चों पर युद्ध लड़ने के लिए लड़ाकू विमानों की 42 स्क्वाड्रन की जरूरत है। मगर भारत के पास अभी 32 स्क्वाड्रन ही मौजूद हैं। जिनमें भी तीन स्क्वाड्रन मिग-21 के शामिल हैं। भारतीय वायु सेना के पास लड़ाकू विमानों की कमी का मुख्य कारण लंबे समय से लड़ाकू विमानों की खरीद नहीं करना है। 2016 में फ्रांस से दो स्क्वाड्रन विमानों की खरीद की गई थी।

भारत में निर्मित स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस की 83 यूनिट खरीदने के हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को आर्डर दिए गए हैं। जिनकी आपूर्ति में अभी समय लगेगा। ऐसे में वायु सेना को तात्कालिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए लड़ाकू विमानों की जरूरत है। भारत ने 114 लड़ाकू विमानों की खरीद के लिए वैश्विक स्तर पर बोलियां आमंत्रित की हैं। इन मल्टीरोल लड़ाकू विमानों की खरीद पर भारत सरकार करीबन एक लाख करोड़ रुपयों से अधिक की राशि खर्च करेगी। अमेरिकी, फ्रांसीसी और स्वीडिश विमान निमार्ता कंपनियां इस सौदे को हासिल करने के लिए दौड़ में शामिल हैं। अगले साल से स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस वायु सेना को मिलने शुरू हो जाएंगे। जिससे उम्मीद है कि आने वाले चार-पांच वर्षों में भारतीय वायु सेना के पास 40 से अधिक स्क्वाड्रन हो जाएंगी। हमारे देश में वायु सेना के लिए विमानों व हेलीकॉप्टरों में खरीद की प्रक्रिया धीमी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पूर्व में घोषणा की थी कि विभिन्न दुर्घटनाओं में क्षतिग्रस्त हुए 12 सुखोई 30 एमकेआई लड़ाकू विमान और 21 मिग 29 विमानों को जल्दी ही खरीद कर वायुसेना को दिया जाएगा ताकि वायुसेना के बेड़े में उनकी संख्या पूर्ववत हो जाए। मगर यह सौदा भी अभी बातचीत के स्तर पर ही चल रहा है। यदि समय पर उक्त सौदा पूरा हो जाता तो भारतीय वायु सेना को 33 लड़ाकू विमान और मिल जाते।

मिग-21 लड़ाकू विमानों की उड़ानों पर रोक लगाकर वायु सेना ने एक सराहनीय फैसला लिया है। आए दिन मिग-21 लड़ाकू विमानों के दुर्घटनाग्रस्त होने से जहां पायलटों की तो जान जा ही रही थी उसके साथ ही आमजन की भी हानि होने की संभावना बनी रहती थी। जिस तरह से राजस्थान के सूरतगढ़ के पास एक गांव में मकान पर मिग-21 विमान गिरा जिससे 3 महिलाओं की मौत हो गई थी। वह तो गनीमत थी कि पायलट ने घनी आबादी से दूर विमान को ले जाने का प्रयास किया था। जिसकी बदौलत बड़ी दुर्घटना होने से रह गई थी। ऐसी दुर्घटनाओं के चलते जहां तक संभव हो मिग-21 को जमीन पर ही रखा जाए तो देश व सेना के लिए अच्छा होगा।

# हिरोशिमा में मोदी ने जो अमन का रास्ता सुझाया, उस पर चलकर विश्व में शांति स्थापित हो सकती है

भारत समूची दुनिया में एक महाशक्ति के रूप में उभर रहा हैं, महाशक्तिशाली राष्ट्र भी भारत की ओर आशाभरी निगाहों से देख रहे हैं। हिरोशिमा में जी-7 सम्मेलन के दौरान भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी मानवतावादी सोच एवं युद्ध-हिंसामुक्त नयी दुनिया को निर्मित करने के संकल्प के लिये सबकी आंखों के तारे बने हैं, जापान के समाचार-पत्रों में उन्होंने सुर्खियां बटोरी हैं, यह भारत के लिये गर्व एवं गौरव का विषय है। मोदी ने अपने वक्तव्य में यूक्रेन में युद्ध दुनिया के लिए एक बड़ी चिंता है कहकर न केवल पूरे विश्व को प्रभावित किया है, बल्कि सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। हिरोशिमा में युद्ध, हिंसा, आतंकवाद, पर्यावरण, बढ़ती जनसंख्या, आपसी सहयोग जैसे विषयों पर साफ-साफ चर्चा करते हुए मोदी ने भारत की धरती से घोषित हुए ह्यसर्वे भवन्तु सुखिनःह्ल एवं ह्यवसुधैव कुटुम्बकमह्ल मंत्रों को दुनिया के लिये उपयोगी साबित किया है। इस तरह मोदी की भूमिका से उनके बढ़ते कद का भी पता चलता है और इसका भी कि विश्व समुदाय भारत की बात सुन रहा है।

भारत प्रारंभ से ही शांति, अयुद्ध एवं अहिंसा की वकालत करता रहा है। प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेन्द्र मोदी ने भारत की इस सोच को बल दिया है, एक अहिंसा एवं शांतिवादी नेता के रूप में अपनी पहचान बनायी है। मोदी ने भारत पर तीखी हिंसक नजरें रखने वाले देशों को भी सदैव अहिंसक तरीकों से लाइन पर लाने की चेष्टा की है। मानवतावादी एवं अहिंसक सोच का परिणाम है कि पाकिस्तान के लगातार आतंक फैलाने एवं भारत की शांति को भंग करने की घटनाओं के बावजूद उन्होंने कभी युद्ध एवं हिंसा का सहारा नहीं लिया, अन्यथा पाकिस्तान की आज जैसी दुर्दशा है, चाहे जब हिंसा का जवाब हिंसा से या युद्ध से दिया जा सकता है। चीन के लगातार भारत के खिलाफ हो रहे षड्यंत्रों के बावजूद भारत ने संयम बरता है। हिरोशिमा में भारत एक नयी पहचान लेकर उभरा। मोदी का यूक्रेन के मामले में यह कथन विश्व स्तर पर खूब चर्चित हुआ था कि यह युग युद्ध का नहीं, शांति का है। खास बात यह थी कि उन्होंने यह बात रूसी राष्ट्रपति पुतिन से कही थी। हिरोशिमा में उन्होंने यूक्रेन संकट को लेकर यह भी कहा कि मैं इसे राजनीतिक या आर्थिक विषय नहीं, बल्कि मानवता और मानवीय मूल्यों का मुद्दा मानता हूं। यह कहना कठिन है कि भारतीय प्रधानमंत्री की इन बातों का कितना असर होगा, रूस-यूक्रेन संघर्ष रोकने में कोई सकारात्मक परिवेश बन सकेगा-कहना इतना आसान नहीं है। लेकिन दुनिया के लिये क्या हितकारी है, यह तो समझा ही जा सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह कहकर रूस के साथ चीन को भी निशाने पर लिया कि सभी देशों को अंतरराष्ट्रीय कानूनों और एक-दूसरे की संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना चाहिए। किसी को कोई संशय न रहे, इसलिए उन्होंने यह स्पष्ट करने में भी संकोच नहीं किया कि यथास्थिति बदलने के एकतरफा प्रयासों के खिलाफ आवाज उठानी होगी। ऐसी कोई टिप्पणी इसलिए आवश्यक थी कि एक ओर जहां रूस यूक्रेन की संप्रभुता एवं उसकी अखंडता की अनदेखी कर यथास्थिति बदलने की कोशिश कर रहा है, वहीं दूसरी ओर चीन भी अपने पड़ोस में यही काम करने में लगा हुआ है। चीन की विस्तारवादी हरकतों और सीमा विवाद के मामले में उसके अड़ियल रवैये की चपेट में भारत भी है। भारत के लिए जितना आवश्यक यह है कि वह रूस को नसीहत देने में संकोच न करे, उतना ही यह भी कि चीन को आईना दिखाने का कोई अवसर न गंवाए। यह अच्छी बात है कि भारत यह काम लगातार कर रहा है। शंघाई सहयोग संगठन, क्वॉड, जी-20 और जी-7 के मंचों से वह अपनी बात कहने में जिस तरह हिचक नहीं रहा, उससे यही पता चलता है कि अंतरराष्ट्रीय पटल पर मोदी के नेतृत्व में एक नया भारत आकार ले रहा है।




शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री ने यूक्रेन के प्रधानमंत्री वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात की और युद्ध समाप्त करने पर जोर दिया। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से प्रधानमंत्री जब मिले थे, तब भी उन्होंने युद्ध समाप्त करने पर जोर दिया था क्योंकि युद्ध से समूची दुनिया की आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हुई है और महंगाई जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध छिड़ा तो पूरी दुनिया की नजर भारत पर टिक गई थी। माना जा रहा था कि भारत के प्रयासों से इसे रोकने में मदद मिल सकती है। इसलिए कि भारत रूस का घनिष्ठ मित्र है और उसकी मध्यस्थता का उस पर असर हो सकता है। भारत ने इसके लिए पूरा प्रयास किया भी है। जब भी प्रधानमंत्री मोदी ने पुतिन से बात की, उन्होंने उसे सुना तो ध्यान से मगर किया अपने मन की। यूक्रेन से भारत की निकटता रही है, इसलिए वह भी भारत के सुझावों को गंभीरता से लेता रहा है। ऐसे में जब प्रधानमंत्री ने हिरोशिमा में जेलेंस्की से अलग से बात की और फिर सम्मेलन के मंच से दोनों देशों के बीच चल रहे युद्ध को मानवता के लिए गंभीर संकट बताया, तो सभी सदस्य देशों ने उस पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। समूची दुनिया युद्ध-मुक्त परिवेश चाहती है। चीन जैसे कुछ देश हैं जो इस सोच में बाधा बने हुए हैं। पश्चिमी देशों ने पहले ही तय कर रखा था कि इस सम्मेलन में रूस पर और कड़े प्रतिबंध लगाए जाएंगे। समूह सात के देशों ने चीन का नाम लिए बिना कड़ी निंदा की और कहा कि उसे रूस पर यह युद्ध रोकने के लिए दबाव बनाना चाहिए। दरअसल, रूस और यूक्रेन युद्ध अब जिस मोड़ पर पहुंच गया है, वहां किसी तरह के समझौते की गुंजाइश नजर नहीं आती। पश्चिमी देश खुल कर यूक्रेन के पक्ष में उतर आए हैं, तो चीन खुलकर रूस के साथ खड़ा है। रूस के हमले यूक्रेन पर भारी पड़ रहे हैं। परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की आशंका बनी रहती है। ऐसे में भारत के लिए मध्यस्थता की कोई जगह तलाशना आसान नहीं रह गई है। रूस पर वह दबाव बनाने की कोशिश भी करे, तो कैसे। चीन एक बड़ा रोड़ा है। हकीकत यही है कि इस युद्ध ने मानवता के लिए बड़ा संकट पैदा कर दिया है।

# जिलाधिकारी के अध्यक्षता में जिला शिक्षा व अनुश्रवण समिति की हुई बैठक

चंदौली। जिलाधिकारी निखिल टी.फुंडे की अध्यक्षता में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार संपन्न हुई। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि कायाकल्प योजना अंतर्गत निर्धारित समस्त बिंदुओं पर तेजी से कार्य करते हुए विद्यालयों का संतृप्तिकरण किया जाए। प्रत्येक दशा में पूर्ण कराना सुनिश्चित हो। अगली बैठक में कोई कार्य अधूरे नहीं रहने पाए। अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। बैठक के दौरान कायाकल्प योजना के अंतर्गत अवशेष समस्त परिषदीय विद्यालयों में कार्य पूर्ण करा लिया जाय। जिन विद्यालयों में अभी भी बालक एवं बालिकाओं के लिए स्वच्छ शौचालय नहीं बना है वहां पर शत प्रतिशत शौचालयों का निर्माण प्रत्येक दशा में पूर्ण करा लिया जाए। सभी परिषदीय विद्यालयों में स्वच्छ पेयजल का प्रबंध सुनिश्चित रहे। लक्ष्य के सापेक्ष समस्त विद्यालयों में टायलिंग का कार्य हर हाल में पूर्ण करा लिया जाए।



इसके साथ ही समस्त विद्यालयों में बाउंड्री वाल का निर्माण शीघ्रतीशीघ्र पूर्ण करा लिया जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जहा पर अभी तक कार्य शुरू नहीं हुआ है ,अगले दिन से प्रत्येक दशा में कार्य प्रारंभ करा दिया जाए। सभी ग्राम पंचायतों में एक साथ कार्य शुरू कराकर तेजी से पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी गण गंभीरता से लेते हुए कायाकल्प के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराएं। कहा कि विद्यालयों में अध्यापकों की समय से उपस्थिति सुनिश्चित हो। मेन्यू के अनुसार मिड डे मील बनना सुनिश्चित हो। खाने में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। कहीं से भी कोई शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में आवश्यक व्यवस्थाओं को कायाकल्प के तर्ज पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में भी सभी कमियां अविलंब पूर्ण कराया जाए। सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित रहे।जिलाधिकारी ने कायाकल्प के निर्धारित सभी मानकों पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष अपेक्षित प्रगति लाए जाने के कड़े निर्देश दिए। कहा की इसमें शिथिलता या लापरवाही कत्तई क्षम्य नहीं होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद तथा विकास खंड स्तरीय टास्क फोर्स के अधिकारीगण लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत विद्यालयों का निरीक्षण अवश्य करें। निरीक्षण के दौरान कायाकल्प के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों, निर्धारित मानकों, मध्यान भोजन, अध्यापकों की समय से उपस्थित एवं पठन-पाठन की गुणवत्ता की प्रमुखता से जांच करें। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी मुख्य चिकित्साधिकारी, पीडी डीआरडीए, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, खंड विकास अधिकारीगण, खंड शिक्षा अधिकारीगण, एडीओ पंचायतगण सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## गुरू अरजुन देव जी महाराज का मनाया गया शहीदी दिवस, वितरण किया मीठा शरबत




चकिया। चंदौली। श्री अर्जुन देव जी महाराज के शहीदी दिवस पर समर्पित गुरूद्वारा साहिब में अखंड पाठ का आयोजन किया गया। अखंड पाठ के बाद मंगलवार को सेवादारों द्वारा स्टाल लगाकर राहगिरों में मीठा शरबत वितरित किया गया। बता दें कि श्री गुरू अरजुन देव जी महाराज ने जोर जुल्म खिलाफ खड़े होकर शहादत दी । मुगल बादशाह जहांगीर ने उन्हें यातनाएं दी । लेकिन उन्होंने कभी धर्म का मार्ग नहीं छोड़ा ।जिनके याद 23 मई को शहीदी दिवस के मनाया जा रहा है । इस मौके पर सेवादारों ने राहगिरों में मीठा शरबत वितरित किया। शरबत वितरित करने वालों में सरदार रंजित सिंह, सरदार मुन्ना सिंह, सरदार रमेश सिंह, सरदार गौतम सिंह, सरदार दीपक सिंह, सरदार सुमंत सिंह, सरदार हर्ष सिंह, सरदार वैभव सिंह सहित अन्य सेवाकार नन्हें मुन्हें बच्चे भी शामिल रहें।

## आमिना मेमोरियल पब्लिक स्कूल मंगरौर में चार दिवसीय समर कैंप का समापन

चकिया। चंदौली। आमना मेमोरियल पब्लिक स्कूल मगरौर में चार दिवसीय समर कैंप का समापन मंगलवार को विद्यालय के प्रबंध निदेशक औरंगजेब खान एवं प्रधानाचार्य संजय जायसवाल द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान डायरेक्टर ने प्रधानाचार्य द्वारा चलाए गए समर कैंप को मील का पत्थर बताया और



इस तरह के आयोजन के लिए प्रेरित किया। समर कैंप के सभी प्रतिभागियों को आशीर्वाद देते हुए इसके आयोजकों एवं विद्यालय के सभी कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी। वही स्कूल के प्रधानाचार्य संजय जायसवाल कहा कि पिछले 4 दिन से चल रहे समर कैंप के एक्टिविटीज के बारे में विस्तृत रूप से वर्णित किया। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के समर कैंप शिविर बच्चों को प्रकृति के बीच एक नए वातावरण में नई चीज सीखने और समायोजित करने के लिए बाध्य करता है तथा सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने एवं कड़ी मेहनत कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को समर कैंप प्रतिभाग प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं विद्यालय के खेल शिक्षक नीरज गुप्ता को निदेशक और प्रधानाचार्य द्वारा उत्कृष्टता प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। समापन के अंत में उपप्रधानाचार्य अर्चना रस्तोगी ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विद्यालय के कर्मचारी तथा अध्यापक पारस, जैनब, रिंकी, राधिका, उजमा, निषात, करीना ममता, पूजा, रागिनी, सोनू, शहजाद, महानंद आदि लोग उपस्थित थे।

## प्रशासन से सहयोग लेकर कार्यो को पूर्ण कराया जाय : डीएम

चंदौली। जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एन एच 19 (सासाराम खंड) द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों एवं डेडीकेटेड फ्रेट कारीडोर, एन एच, रिंग रोड आदि परियोजनाओं के लिए आवश्यक भूमि अधिग्रहण के संबंध में बैठक संपन्न हुई। एनएच 19 सासाराम खंड द्वारा जनपद में किए जा रहे सड़क निर्माण आदि कार्यों के विषय में जिलाधिकारी ने अंडर पास, सर्विस रोड,सड़क निर्माण आदि निर्धारित कार्यों को तेजी से कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उक्त परियोजना में जहां कहीं भी छोटे मोटे अवरोध या समस्याएं हों उनका प्रशासन से सहयोग लेकर कार्यों को समय से पूर्ण कराया जाय। जिलाधिकारी ने डेडीकेटेड फ्रेट कारीडोर, रिंग रोड, सेतु निगम सहित अन्य परियोजनाओं के अंतर्गत अवशेष भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही शीघ्रता से पूर्ण कराकर परियोजना के कार्यों में तेजी लाए जाने के निर्देश दिए।

## गंगा में डूबे बालक का नहीं लगा पता, 24 घंटे से खोज रहे गोताखोर





प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। गहमर थाना क्षेत्र के नरवा घाट पर गंगा स्नान करने के दौरान डूबे बालक का 24 घंटे बाद में पता नहीं चला इससे परिवार जनों का रो रो कर बुरा हाल है घटना के बाद से ही पुलिस स्थानीय गोताखोर के सहयोग से बालक की तलाश में जुटे हुए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार गहमर गांव के पूरब टोला मैगर राय निवासी मोहित राज उम्र 10 वर्ष अपने चार दोस्तों के साथ मंगलवार की दोपहर लगभग 1 बजे गंगा स्नान के लिए गया हुआ था। अभी वह स्नान कर ही रहा था कि गहरे पानी में चले जाने से डूब गया। मोहित राज को आसपास ना देख दोस्तों ने शोर मचाना शुरू किया साथ ही इस घटना की जानकारी परिजनों को दी। आनन-फानन में परिवार के लोग घटनास्थल पर पहुंचे जहां स्थानीय गोताखोरों की मदद से बालक की तलाश की गई लेकिन पता नहीं चल सका। सूचना पाकर मौके पर पहुंची गहमार कोतवाली पुलिस भी गोताखोरों की मदद से डूबे बालक के तलाश में लग गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार विपिन कुमार चौरसिया ने राजस्व निरीक्षक दीनानाथ यादव के साथ पीड़ित परिवार से मुलाकात कर ढाढस बंधाया। बालक के डूबने के 24 घंटे बाद भी कुछ पता नहीं चल पाने के कारण स्थानीय लोगों में तरह-तरह की चर्चा व्याप्त है। इस बाबत गहमर कोतवाल पवन कुमार उपाध्याय ने बताया की गोताखोरों की मदद से अभी तक उसकी तलाश की जा रही है। मोहित राज दो भाई दो बहन में दूसरे नंबर पर था। घटना के बाद से ही मां अनीता देवी का रो रो कर बुरा हाल है।

## कलेक्ट्रेट सभागार में स्वच्छ भारत मिशन की बैठक सम्पन्न

चंदौली। जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई।समीक्षा के दौरान कंपोजित गड्ढे, सोपकिट तथा टॉयलेट का कार्य लक्ष्य के सापेक्ष बहुत कम प्रगति प्राप्त होने पर जिलाधिकारी नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी एड्डीड्डओ पंचायत का जब तक लक्ष्य के सापेक्ष 90%कार्य पूर्ण न कर ले तब तक उनका वेतन बाधित रखने के निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने बताया कि इस कार्य के लिए जनपद स्तरीय अधिकारियों की टीम गठित कर समय समय पर कार्य की प्रगति,गुणवत्ता सहित अन्य बिंदुओं की निगरानी कराई जाएगी। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य कोषाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी सभी खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारी /कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पंकज के शानदार शतकीय पारी से पूर्वांचल स्पोर्ट्स की शानदार जीत




चंदौली। जिला क्रिकेट संघ चंदौली द्वारा आयोजित पाकीजा गोल्ड कप में आज बी पी स्कूल दुल्हीपुर के मैदान पर खेला गया। मैच में पूर्वांचल स्पोर्ट्स ने टारगेट अकादमी को आसानी से 82 रन से हरा दिया। टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए पूर्वांचल स्पोर्ट्स की टीम ने 25 ओवरों में 1 विकेट पर 213 रन बनाए। जिसमे पंकज ने 76 बॉल में 106 रन बनाए, जिसमे 14 बाउंड्री व 3 छक्के शामिल थे। वहीं रौनीत ने तेज 62 रन में 6 बाउंड्री और 3 छक्के लगाए। व प्रिया ने 30 रन बनाए जिसमें 6 बॉउंड्री शामिल थी। टारगेट अकादमी की तरफ से अक्षत को एक विकेट मिला। जवाब में खेलने उतरी टारगेट अकादमी की टीम 24 ओवर में सिर्फ 130 रन पर ऑल आउट हो गयी । टीम की तरफ से शिवम् ने सलामी बल्लेबाज के रूप में शानदार 36 बॉल पर 51 रन बनाए। जिसमें 9 बाउंड्री शामिल था। विक्की और सौरभ ने क्रमश 14 और 9 रन बनाए । पूर्वांचल स्पोर्ट्स की तरफ से निकेतन ,प्रिया ,ने दो दो विकेट लिए पंकज और रावत ने एक एक विकेट लिया । प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार पंकज जायसवाल को पूर्व क्रिकेटर दीपक यादव द्वारा दिया गया । मैच के अंपायर प्रणय शर्मा और मल्लू खान रहे । मैच रेफरी शौजब हुसैन द्वारा किया गया।

## दस दिवसीय ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप कार्यक्रम का किया जायेगा आयोजन

चंदौली। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ की ओर से विधि के छात्र-छात्राओं के लिए दस दिवसीय ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम एक से 30 जून तक चलेगा। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने कहा कि जिले में विधि महाविद्यालय के विधि छात्र/ छात्राओं से इंटर्नशिप करने के लिए आवेदन मांगे गए हैं, जो भी विधि छात्र/ छात्राएं ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप करना चाहते हैं, वह कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंदौली से संपर्क कर आवेदन कॉलेज के विभागाध्यक्ष से संस्तुति



कराकर निर्धारित प्रारूप पर आवश्यक प्रपत्रों को संलग्न कर रजिस्टर्ड डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंदौली अथवा सीधे जनपद एवं सत्र न्यायालय, चन्दौली/प्रयागराज के ईमेल आईडी पर प्रेषित कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 25 मई निर्धारित की गई है एवं आवेदन पत्र का प्रारूप,जनपद के विधि महाविद्यालयों के प्राचार्य/कार्यालय को पूर्व में ही उपलब्ध कराया जा चुका है।

## पूर्व मंत्री द्वारा किए गए अतिक्रमण को प्रशासन ने हटवाया, 1975 से चला आ रहा था कब्जा

आजमगढ़। सरकारी जमीनों पर हुए अवैध कब्जे को हटवाने को लेकर प्रदेश सरकार लगातार दिशा निर्देश दे रही है। इसी के तहत प्रशासनिक अमले ने शहर के हाफिजपुर में पीडब्लूडी की लगभग दो हजार स्क्वायर मीटर जमीन पर हुए अतिक्रमण को चिन्हित किया। जिसमें पूर्व मंत्री व विधायक का अवैध कब्जा भी पाया गया। प्रशासन ने कुछ अतिक्रमणों को ढहवा दिया तो शेष को स्वयं हटाने का निर्देश अवैध कब्जेदारों को दिया है। जिसके लिए तीन दिन का समय भी निर्धारित किया गया है।



एसडीम सदर ज्ञान चंद गुप्ता के अनुसार आजमगढ़-गोरखपुर मार्ग पर हाफिजपुर में पीडब्लूडी की तीन गाटे में लगभग 2000 स्क्वायर मीटर जमीन है। जिसे सड़क निर्माण के लिए अधिग्रहित किया गया था। अधिग्रहण के बाद भी उक्त जमीन पर खातेदारों के नाम 1975 से ही चले आ रहे थे और उन्हीं खातेदारों का ही उस पर कब्जा भी था। जिसे अब दुरूस्त करा कर सड़क खाते में अंकित करा दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस जमीन पर जिन लोगों का निर्माण पाया गया, उन्हें नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया था। इस जमीन में एक गाटे पर पूर्व मंत्री व सदर विधायक दुर्गा प्रसाद यादव का अतिक्रमण था। जिसे हटवा दिया गया है। अन्य अतिक्रमणकारियों को तीन दिन में अंदर स्वयं अतिक्रमण हटवाने का निर्देश दिया गया है। पूर्व मंत्री के अलावा अन्य अतिक्रमणकारियों में सुबास, गोपाल कृष्ण, विजय कृष्ण व पूर्णमासी आदि शामिल है। सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटवाने की कवायद की जा रही है। जिस जमीन से अतिक्रमण हटवाया गया वह पूर्व मंत्री का था, अन्य को स्वयं हटवाने का निर्देश दिया गया है। यदि वे स्वयं अतिक्रमण नहीं हटवाते है तो प्रशासन हटवाएगा और उसका खर्च भी वसूल करेगा। पूर्व मंत्री ही नहीं चाहे कोई भी हो, जो भी अतिक्रमण करेगा उस पर कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### बाबा जी के राज में संत पहुंचे पुलिस अधीक्षक दरबार



प्रखर मिजार्पुर। पिछले दिनों विंध्याचल के शिवपुर नरसिंह आश्रम में मूर्ति चोरी के प्रयास में और साधु के घायल होने के मामले को लेकर संत समाज पुलिस अधीक्षक मिजार्पुर से स्थिति से अवगत कराने पहुंचे हैं! हर मामला जब पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा जी के समक्ष ही पहुंचेगा तो थाना प्रभारी विंध्याचल यहां पर क्या कर रहे हैं लोगों में तरह-तरह की चर्चा निरंतर हो रही है यहां तक की चर्चा इस तरह गर्म है कि लगता है किसी सफेदपोश का ही संरक्षण इनको प्राप्त है नहीं तो विंध्याचल में जिस तरह से गुंडा माफिया मवाली अराजक तत्व अपना मुंह पसारे बैठे है यह सब देख कर तो जनहित में उचित निर्णय अब तक ले लिया गया होता लेकिन लगता है की जनपद मिजार्पुर के उच्च अधिकारी भी मजबूर हैं क्योंकि सोशल मीडिया के माध्यम से हर दिन समाचार प्रकाशित हो रहा है लेकिन अभी तक संज्ञान में नहीं लिया जा रहा है इसका मतलब की पर्दे के पीछे कोई और है।

### आग लगने से चार झोपड़िया राख, लाखों का सामान खाक



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सुहवल थाना क्षेत्र के भागीरथपुर गांव में बुधवार को अचानक आग लग गई। जिसकी वजह से 4 आवासीय झोपड़ियां एवं उसमें रखा घर गृहस्ती का पूरा सामान जलकर खाक हो गया। इसके चलते पीड़ित परिवार को करीब तीन लाख का नुकसान हुआ है। इस दहकते गर्मी के मौसम में पूरा परिवार खुले आसमान के नीचे आ गया है। जानकारी के अनुसार भगीरथपुर गांव में अचानक 4 झोपड़ियों में आग लग गई। जिसके बाद ग्रामीणों ने तत्काल फायर बिग्रेड एवं पुलिस को सूचना दी।सूचना के बाद मौके पर पुलिस और फायर बिग्रेड की टीम पहुंच गई और ग्रामीणों के मदद से बड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया गया। तब तक गृहस्ती का पूरा सामान कपड़ा, चारपाई, खाद्यान्न, महत्वपूर्ण कागजात, जानवरों का चारा आदि सामान जलकर राख हो गया। मौके पर उपस्थित लोगों ने इसकी सूचना राजस्व कर्मियों को दे दिया। मौके पर पहुंचे लेखपाल अमित राय ने बताया कि आग लगने का सर्वे कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को प्रेषित कर दिया गया है। जल्दी सरकारी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

### घर मे घुसकर चोरों ने किया लाखो का माल पार चोलापुर थाने पर दर्ज हुआ मुकदमा

प्रखर चोलापुर वाराणसी। चोलापुर थाना क्षेत्र के दानगंज चौकी अंतर्गत भिदुर गांव ने बुधवार रात में करीब एक बजे के आस पास अशोक कुमार सिंह के घर मे छत के रास्ते घर मे घुसे चोरो ने सोने चांदी के आभूषण सहित नकदी लगभग साढ़े पाँच लाख रुपया को पार कर दिया।पीड़ित के मुताबिक बेटी की शादी के लिए बना के रखे गए आभूषण व नकदी रुपयों को चोरो ने हाथ साफ कर दिया चोरी हुए आभूषण में एक सोने की चैन,सोने की चार सेट कर्णफूल, चार अंगूठी सोने की, चाँदी की पाजेब,चाँदी की पायल,व जरूरी जमीन के कागजात को चोर उठा ले गए रात में चोरी की जानकारी हुई तो डायल112 को सूचना दिया गया मौके पर पहुंच के मौका मुआयना करके पुलिस वापिस हो गई।चोरी की घटना की लिखित सूचना चोलापुर थाना पर दिया गया है।

### सीपी भट्ट को बीजेपी के राष्ट्रीय पदाधिकारी ने अंगवस्त्र से किया सम्मानित



प्रखर दानगंज वाराणसी। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यालय दिल्ली में बीजेपी के राष्ट्रीय मीडिया सह प्रभारी व विधान पार्षद संजय मयूख के द्वारा गोरखपुर सहजनवा विधान सभा के निवासी फिल्म अभिनेता एवम जनसेवक सी पी भट्ट को अंग वस्त्र दे कर सम्मानित किया गया। जहा पे लद्दाख के प्रदेश प्रभारी प्रभारी भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा के अनमोल शोभित जी एवम कई बरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे। फिल्मों में अपने अभिनय का लोहा मनवाने वाले सी पी भट्ट राजनीति में भी मजबूती से आगे बढ़ रहे है और संघटन से जूट के पार्टी को और मजबूत बनाने के लिए पार्टी के अनुभवी नेताओ के निर्देश पे कार्य कर रहे है, और हर चुनाव में दमखम से प्रचार करते है। अभी सी पी भट्ट ने संघटन में रह के पार्टी के लिए कार्य करने का ढ़ संकल्प लिया है।

### सड़क चौड़ीकरण में आ रहे पेड़ो व विद्युत पोलो को हटाने के लिए विभागीय अधिकारियों डीएम ने दिया निर्देश

चंदौली। जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पड़ाव से मुगलसराय गोधना मोड़ तक सिक्स लेन एवं चंदौली सकलडीहा फोरलेन सड़क चौड़ीकरण के कार्यों के संबंध में समीक्षा बैठक संपन्न हुई। पड़ाव से लेकर गोधना मोड़ तक वाया पीडीडीयू नगर सिक्स लेन निमार्णाधीन लगभग 11 किमी सड़क चौड़ीकरण के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने पीडब्ल्यूडी के अधिशासी एवं अन्य संबंधित अभियंताओ को निर्देशित करते हुए कहा कि उक्त परियोजना के अंतर्गत निर्धारित कार्यों पर तेजी से कार्यवाही करते हुए अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित की जाए। सड़क चौड़ीकरण में आ रहे पेड़ों की कटाई शीघ्र कराए जाने के निर्देश प्रभागीय वन अधिकारी को दिया। विद्युत विभाग एवं पीडब्ल्यूडी के अभियंताओं को विद्युत पोलों के शिफ्टिंग, ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग की कार्यवाही यथाशीघ्र कराए जाने के निर्देश दिए। परियोजना के अंतर्गत पडने वाली जल निगम की पाइपों आदि की शिफ्टिंग अति शीघ्र करा लिए जाने के निर्देश दिए।

## तमिल अभिनेता सरथ बाबू पंचतत्व में विलीन

**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिल फिल्म उद्योग चेन्नई में लोकप्रिय तेलुगू एवं तमिल फिल्म अभिनेता सरथ बाबू के पार्थिव शरीर को मंगलवार को अपनी अंतिम श्रद्धांजलि दी। बाद में सरथ बाबू के पार्थिव शरीर को श्मशान लेकर जाया गया जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। सरथ बाबू 71 वर्ष के थे और कुछ समय तक बीमारियों से जूझने के बाद सोमवार को हैदराबाद में उनका निधन हो गया था। इससे पहले, उनके पार्थिव शरीर सोमवार सुबह हैदराबाद से चेन्नई में उनके आवास पर लाया गया, जहां सुपरस्टार रजनीकांत, अभिनेत्री सुहासिनी मणिरत्नम एवं राधिका, अभिनेता वाई.जी.महेंद्र, फिल्म निर्माता सुरेश कृष्णा एवं कई फिल्मी हस्तियों ने उन्हें अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित की। विभिन्न फिल्मी सितारों एवं अभिनेताओं ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया और उनके साथ अपने पेशेवर एवं व्यक्तिगत संबंधों को याद किया।

## तमिलनाडु: लोकप्रिय उद्योगपति करुमुत्तु कन्नन का निधन

**चेन्नई, (एजेंसी)।** तमिलनाडु के लोकप्रिय उद्योगपति और प्रसिद्ध श्री मीनाक्षी सुंदरेश्वर मंदिर के 'ठक्कर' करुमुत्तु कन्नन का मंगलवार को मदुरै स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। वह 70 वर्ष के थे। श्री कन्नन के परिवार में उनकी पत्नी और तीन बच्चे हैं। वह सीआईआई सहित कई औद्योगिक निकायों से जुड़े हुए थे। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री श्री एम.के. स्टालिन, एआईएडीएमके के महासचिव पलानीस्वामी और एआईएडीएमके के अपदस्थ नेता ओ पनीरसेल्वम सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया। प्रमुख उद्योगपति एवं टीवीएस मोटर कंपनी के चेयरमैन, वेणु श्रीनिवासन ने भी श्री कन्नन के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने एक बयान में कहा कि यह बहुत बड़ा नुकसान है जिससे मैं बहुत दुखी हूं। मेरे लिए वह एक विश्वसनीय सहयोगी से ज्यादा थे। वह एक प्रिय, वफादार दोस्त और गहरे विचारक थे।

## मुंबई पुलिस को मिली बम विस्फोट की धमकी

### युवक गिरफ्तार

**मुंबई, (एजेंसी)।** मुंबई पुलिस ने सोमवार को एक बार फिर बम विस्फोट की धमकी मिलने के बाद एक व्यक्ति को मंगलवार को गिरफ्तार किया। सूत्रों के अनुसार, मुंबई पुलिस के ट्विटर अकाउंट पर सोमवार सुबह लगभग 11 बजे एक संदेश के माध्यम से धमकी प्राप्त हुआ कि वह बहुत जल्द मुंबई में विस्फोट करने वाला है। ट्विटर के माध्यम से पुलिस को धमकी देने के नए तरीके का उपयोग करते हुए मुंबई को दहलाने की धमकी प्राप्त हुई। पुलिस के अनुसार, अब तक ये धमकियां पुलिस को फोन कॉल और ई-मेल के माध्यम से मिलती थी। मुंबई पुलिस ने इस संदेश को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अकाउंट की जांच शुरू की और मंगलवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

## उ. कोरिया का स्पाई सेटेलाइट लांच संभव

**प्योंगयांग, (एजेंसी)।** उत्तर कोरिया अपनी सनक के लिए जाना जाता है। अपने देश को मजबूत करने में लगा हुआ है। वहीं, उत्तर कोरिया के नए ऐलान से अमेरिका को परेशानी में डाल दिया है। उत्तर कोरिया अपना पहला स्पाई सैटेलाइट लॉन्च करने जा रहा है। 24 मई को कोरिया स्पाई सेटेलाइट लांच करेगा। तानाशाह नेता किम जोंग ने अपने अधिकारियों को इसको लॉन्च करने का आदेश दे दिया है देश की सैन्य क्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ अमेरिका और साउथ कोरिया से होने वाले खतरों से निपटने के लिए उत्तर कोरिया का ये सेटेलाइट काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसकी जानकारी उत्तर कोरिया के सरकारी न्यूज मीडिया एजेंसी कोरियाई केंद्रीय समाचार एजेंसी (केसीएनए) ने दी है। देश की सैन्य क्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ अमेरिका और साउथ कोरिया से होने वाले खतरों से निपटने के लिए उत्तर कोरिया का ये सैटेलाइट काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उत्तर कोरिया ने पिछले साल दिसंबर में ही स्पाई सैटेलाइट का महत्वपूर्ण और आखिरी टेस्ट कर लिया था।

## आज का इतिहास

- 1543: पोलैंड के खगोलविद निकोलस कोपरनिकस का निधन।
- 1689: ब्रिटिश संसद ने प्रोटेस्टेंट ईसाइयों को धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी प्रदान की।
- 1883: ब्रुकलिन और मैनहट्टन को जोड़ने वाले ब्रुकलिन ब्रिज को यातायत के लिए खोला गया।
- 1885: सैयद अहमद खान ने अलीगढ़ में मुहम्मदीन एंग्लो ओरिएंटल स्कूल की स्थापना की, जो अब अलीगढ़ मुस्लिम विवि के नाम से प्रसिद्ध है।
- 1915: थॉमस अलवा एडिसन ने टेलीस्क्राइब का आविष्कार किया।
- 1931: पहली वातानुकूलित यात्री ट्रेन अमेरिका के वाल्टमोर ओहियो मार्ग पर चलाई गई।
- 1959: साम्राज्य दिवस का नाम बदलकर राष्ट्रमंडल दिवस किया गया।
- 1985: बांग्लादेश में चक्रवाती तूफान से 10 हजार लोगों की मौत।

# सिसोदिया संग दिल्ली पुलिस की बदसलूकी



### वीडियो शेयर कर केजरीवाल ने पूछा- क्या ऊपर से आदेश है?

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** दिल्ली की शराब नीति में घोटाले के मामले में पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को मंगलवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया। इस दौरान पुलिस आप वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया को गर्दन से पकड़कर ले जाते दिखी। इसको लेकर आप ने उनके साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस पर आपत्ति जताई है। केजरीवाल ने पूछा, क्या पुलिस को ऐसा करने के लिए ऊपर से आदेश दिए गए है। आप के राष्ट्रीय प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने कहा है कि दिल्ली पुलिस को इस अफ़सर को तुरंत सस्पेंड करना चाहिए।दिल्ली के सीएम केजरीवाल ने एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इसमें मनीष सिसोदिया को गर्दन से पकड़कर ले जाते हुए नजर आ रहे है। आप पार्टी के प्रमुख ने लिखा, क्या पुलिस को इस तरह मनीष जी के साथ दुर्व्यवहार करने का अधिकार है? क्या पुलिस को ऐसा करने के लिए ऊपर से कहा गया है? वहीं कोर्ट ने सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 1 जून तक बढ़ाई गई।

## मेक्सिको का सबसे खतरनाक ज्वालामुखी फटा



# 30 लाख लोगों के लिए अलर्ट जारी, स्कूल-पब्लिक पार्क बंद

**मेक्सिको सिटी, (एजेंसी)।** मेक्सिको का सबसे खतरनाक ज्वालामुखी फटा है। इसे पॉपोकेटपेटल नाम से जाना जाता है। ये ज्वालामुखी सेंट्रल मेक्सिको में मौजूद है। रविवार को इस क्षेत्र में अलर्ट को बढ़ा दिया गया है। लोकल प्रशासन ने स्कूल और पब्लिक पार्क बंद कर दिए हैं। इसके अलावा कई फ्लाइट्स भी देरी से उड़ान भर रही हैं।

ज्वालामुखी के 60 मील के दायरे में लगभग 2 करोड़ 50 लाख लोग रहते हैं। मेक्सिको के नेशनल सिविल प्रोटेक्शन कोऑर्डिनेशन (सीएनपीसी) ने येलो फेज 3 का अलर्ट जारी किया। इसके बाद ज्वालामुखी के आसपास बसे गांवों में रह रहे करीब 30 लाख लोगों को इलाका खाली करने की तैयारी करने के लिए कहा गया। साथ ही उन्हें घरों से बाहर नहीं निकलने की भी सलाह दी गई है। सीएनपीसी ने ज्वालामुखी के आसपास के क्षेत्र में तेजी से राख फैलने की चेतावनी दी है।

**रविवार को इटली का माउंट एटना ज्वालामुखी भी फटा :** वहीं रविवार को इटली में मौजूद दुनिया का सबसे एक्टिव ज्वालामुखी माउंट एटना भी फट गया। इसकी वजह से सिसली द्वीप के पास मौजूद कटानिया का एयरपोर्ट बंद कर दिया गया। माउंट एटना यूरोप का सबसे ऊंचा और सक्रिय ज्वालामुखी है। दो साल पहले 9 अगस्त को भी यह फटा था।नासा की एक रिपोर्ट के मुताबिक माउंट एटना में साल 1169 में हुए विस्फोट से 15 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। इससे पहले शनिवार को मेक्सिको सिटी के बेनिटो जुआरेज अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट (एआईसीएम) को राख फैलने के बाद अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था।

# इमरान खान को 8 मामलों में जमानत

**इस्लामाबाद, (एजेंसी)।** इमरान खान को हिंसा से जुड़े 8 मामलों में 8 जून तक जमानत मिल गई है। वहीं बुशरा बीबी को अल-कादिर ट्रस्ट केस में 31 मई तक जमानत मिली है।



पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान मंगलवार को अल-कादिर ट्रस्ट केस में पूछताछ के लिए नेशनल अकाउंटेबिलिटी ब्यूरो (एनएबी) के सामने पेश हुए। इस केस में खान पहली बार जांच एजेंसी के सामने पेश हुए। वहीं उनकी पत्नी बुशरा बीबी को एनएबी ने 1 हजार 955 करोड़ रुपए की घूस लेने के मामले में 31 मई तक जमानत दे दी है।

इससे पहले इस्लामाबाद की एंटी टेररिज्म कोर्ट ने खान को हिंसा से जुड़े 8 मामलों में 8 जून तक जमानत दी। ये मामले उस समय के हैं जब खान की तोशाखाना मामले में पेशी के दौरान इस्लामाबाद ज्यूडिशियल कॉम्पलेक्स में हिंसा हुई थी। सुनवाई के दौरान खान ने कहा- मुझे दो बार जान से मारने की कोशिश हुई है। मैं जब भी घर से बाहर कदम रखता हूं तो जान का खतरा होता है। तस्वीर में इमरान खान अपनी पत्नी बुशरा बीबी के साथ कोर्ट जाते नजर आ रहे हैं।

### श्रीनगर में जी20 की बैठक में उपराज्यपाल सिन्हा बोले

# पड़ोसी देश ने छीनी कश्मीर की शांति

**श्रीनगर, (एजेंसी)।** श्रीनगर में जी20 टूरिज्म वर्किंग ग्रुप की दूसरे दिन की मीटिंग शुरू हो चुकी है। इस दौरान जम्मू- कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा ने नाम लिए बिना पाकिस्तान पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर हमेशा से नॉलेज और लुभावने नजारों का केंद्र रहा है। 30 सालों से इसकी शांति पड़ोसी देशों की तरफ से फैलाए गए आतंक की वजह से प्रभावित हुई है।

कश्मीर अब एक नए युग की तरफ बढ़ रहा है। वहीं, केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि हमारे पास यहां दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे ब्रिज हैं। यूथ काफी जागरूक है वो प्रधानमंत्री मोदी की तरफ ऑफर की गई मौकों को समझ सकते हैं। श्रीनगर का कॉमन मैन पीएम मोदी की ग्लोबल जर्नी का हिस्सा बनना चाहता है।




### बिलावल भुट्टो ने कहा- भारत की अकड़ बढ़ रही

पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने भारत के श्रीनगर में जी20 टूरिज्म की बैठक करने पर आपत्ति जताई है। बिलावल ने कहा- ये अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत की लगातार बढ़ रही अकड़ को दिखाता है। ये लोग जी20 की अध्यक्षता का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि अगर भारत को लगता है कि कश्मीर में बैठक कर वहां के लोगों को चुप करा सकते हैं तो वो गलत सोच रहे हैं। जो लोग यूरोप में अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के उल्लंघन की बात करते हैं, उन्हें कश्मीर में भी हो रहे कानूनों के उल्लंघन की भी परवाह होनी चाहिए। बिलावल ने कहा कि भारत कश्मीर में सब कुछ अच्छा और शांतिपूर्ण दिखाना चाहता है। जबकि दुनिया का सबसे मिलिटराइज्ड जोन कभी नॉर्मल नहीं रह सकता है।

### जी-20 की अध्यक्षता का समर्थन-कोरिया

**भारत** में दक्षिण कोरिया के राजदूत चांग जे-बोक ने मंगलवार को कहा कि उनका देश भारत की जी-20 अध्यक्षता का पुरजोर समर्थन करता है। श्रीनगर में सोमवार को उच्च स्तरीय तीसरी जी-20 पर्यटन कार्यकारी समूह की बैठक कड़ी सुरक्षा के बीच शुरु हुई। यह तीन दिवसीय बैठक भारत की अध्यक्षता में हो रही है। इस बैठक में जी-20 देशो के लगभग 60 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। श्री चांग ने कहा कि कोरिया भारत की जी-20 की अध्यक्षता का मजूबत समर्थक है।

# लोन नहीं हुआ तो डिफाल्टर हो सकता है अमेरिका



### बाइडेन और हाउस स्पीकर की बातचीत नाकाम,10 दिन में निकालना होगा हल

**वाशिंगटन, (एजेंसी)।** संसद से कर्ज की मंजूरी हासिल करने की कोशिश में जुटे प्रेसिडेंट जो बाइडेन की एक और कोशिश नाकाम हो गई है। बाइडेन ने हाउस स्पीकर कैविन मैक्कार्थी से सोमवार रात लंबी बातचीत की, लेकिन मसले का हल नहीं निकल सका।

'वॉशिंगटन पोस्ट' की रिपोर्ट के मुताबिक- बाइडेन एडमिनिस्ट्रेशन के पास अब महज 10 दिन हैं। इस दौरान उन्हें हर सूरत में रिपब्लिकन पार्टी को मनाकर डेट् सीलिंग (आसान भाषा में नए कर्ज के लिए बिल पास कराना) अप्रूवल लेना होगा। अगर ऐसा नहीं हुआ तो सरकार किसी तरह के नए पेमेंट्स नहीं कर सकेगी। तकनीकि तौर पर इसे आप दिवालिया होना या डिफॉल्टर कह सकते हैं।

## Filmiतड़का

# शाहरुख ने पूरी की मौत से जूझ रही कैंसर फैन की आखिरी मुराद

### बोले- आपके हाथ का बना मछली-भात भी खाऊंगा



नई दिल्ली। शाहरुख खान की दुनिया भर में फैन फॉलोइंग है। शाहरुख भी अपने फैन्स को कभी निराश नहीं करते। पिछले दिनों खबर आई थी कि पश्चिम बंगाल की रहने वाली 60 साल की एक कैंसर पीड़िता शिवानी चक्रवर्ती की आखिरी इच्छा है कि वो अपने चहेते सितारे शाहरुख खान से मिल सकें। इतना ही नहीं वह शाहरुख से मिलना भी चाहती थीं और उन्हें खाना भी खिलाना चाहती थीं। शिवानी की दिली इच्छा थी कि सांसें खत्म होने से पहले वह शाहरुख से मिलें और इसी तमन्ना के साथ उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट भी शेयर किया था।

आखिरकार शाहरुख खान ने अपने इस डाय हार्ड फैन के सपनों को पूरा करने के लिए सामने आ ही गए। हालांकि, इस बार मौका वर्चुअल रहा, लेकिन उन्होंने प्रॉमिस किया है कि वे जल्द ही उनसे मिलेंगे। शिवानी टर्मिनल कैंसर से पीड़ित हैं। उन्होंने एक टीवी चैनल से हुई बातचीत में कहा था कि उन्होंने शाहरुख से मिलने की उम्मीदें नहीं छोड़ी हैं।

### शाहरुख ने 40 मिनट तक की बातें

अब शाहरुख के फैन पेज पर एक तस्वीर वायरल हो रही है, जिसमें शिवानी के साथ शाहरुख के वीडियो कॉल की झलक है। इस वायरल तस्वीर को देखकर ऐसा लग रहा है कि शाहरुख ने अपनी इस फैन की सारी बातें सुनी हैं और उनसे ढेर सारी बातें की हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि शिवानी की बेटी ने कहा है शाहरुख ने अपनी इस फैन से करीब 40 मिनट तक बातें कीं। शाहरुख ने उनके जल्द ठीक होने की बात कही और उन्होंने उनके लिए दुआ भी की। शाहरुख ने उनसे कैंसर में उनकी आर्थिक मदद का भी वादा किया है। कहा जा रहा है कि शाहरुख ने उनसे उनके घर पर मिलने को लेकर प्रॉमिस किया है और कहा है कि वो उनके घर की बनी फिश करी किसी दिन जरूर खाएंगे। बताया जा रहा है कि शाहरुख ने शिवानी से उनकी बेटी की शादी में आने का भी वादा किया है।

## आरआरआर एक्टर रे स्टीवेन्सन के निधन पर भावुक हुए राजामौली



नई दिल्ली। ऑस्कर विनिंग फिल्म आरआरआर के एक्टर रे स्टीवेन्सन के निधन की खबर से उनके फैंस सदमे में हैं। रविवार को 58 साल की उम्र में उनका निधन हो गया। रे स्टीवेन्सन के मौत की वजह का अभी खुलासा नहीं हो पाया है। रे स्टीवेन्सन के डेथ की खबर सुन अब डायरेक्टर एसएस राजामौली ने शोक व्यक्त किया है। एसएस राजामौली ने एक्टर को श्रद्धांजलि देने के लिए आरआरआर के शूट के दौरान ली गई एक तस्वीर शेयर की। इस कैंडिड फोटो में रे स्टीवेन्सन और राजामौली हंसते हुए नजर आ रहे हैं। राजामौली की ब्लॉकबस्टर पीरियड एक्शन ड्रामा फिल्म आरआरआर में रे स्टीवेन्सन ने निगेटिव किरदार निभाया था। फिल्म में उनके कैरेक्टर का नाम गवर्नर स्कॉट बक्सटन था, आरआरआर में उनकी परफॉर्मेंस की चर्चा भी हुई थी। रे स्टीवेन्सन, आरआरआर के अलावा थॉर और वाइकिंग्स जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम करने के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने एनिमेटेड स्टार वार्स की सीरीज द क्लोन वॉर्स और रिबेल्स में गार सेक्सन को भी आवाज दी है।

## नए पासपोर्ट के लिए राहुल गांधी पहुंचे कोर्ट

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अमेरिका की अपनी यात्रा से पहले एक नया पासपोर्ट जारी करने को लेकर मंगलवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। उन्होंने साधारण पासपोर्ट के लिए एनओसी जारी करने की गुहार लगाई है। राहुल गांधी ने मानहानि के एक मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद मार्च में लोकसभा के सदस्य के रूप में अयोग्य घोषित किए जाने के बाद अपना राजनयिक पासपोर्ट सरेंडर कर दिया था। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष जून में अमेरिका की 10 दिवसीय यात्रा पर जाने वाले हैं और मैडिसन स्क्वायर गार्डन में भारतीय डायस्पोरा को संबोधित करेंगे।

## ट्रक-बस की टक्कर से आठ लोगों की मौत

**बुलढाणा/नागपुर, (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में तेज रफ्तार ट्रक और बस की टक्कर से कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई जबकि 13 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को दी। यह दुर्घटना महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में सिंदखेड़ाराजा के समीप मुंबई-संभाजीनगर-नागपुर राजमार्ग पर मंगलवार सुबह लगभग छह बजे हुई। उन्होंने कहा कि बस संभाजीनगर से वाशिम की ओर जा रही थी, तभी बुलढाणा के सिंदखेड़ाराजा में पलासखेड चक्का गांव के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई जबकि 13 अन्य घायल हो गए, जिनमें से पांच की हालत गंभीर बनी हुई है।

# गांवों को सुरक्षित रखे बिना सीमाओं की सुरक्षा नहीं की जा सकती: शाह



**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीमाओं की सुरक्षा को सरकार की प्राथमिकता बताते हुए कहा है कि गांवों को सुरक्षित रखे बिना सीमाओं की सुरक्षा नहीं की जा सकती।

श्री शाह ने मंगलवार को यहां वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम पर दो दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन के मौके पर यह बात कही। कार्यक्रम में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, अजय कुमार मिश्रा, निशिथ प्रामाणिक, केंद्रीय गृह सचिव, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के महानिदेशक, वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत सीमावर्ती जिलों के जिला कलेक्टर, जिला विकास अधिकारी तथा गृह मंत्रालय और कई अन्य केंद्रीय मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि चिन्हित गाँवों में गतिविधियाँ बढ़ाना, पलायन रोकना, नागरिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने जैसे काम किए जाने चाहिए और सुनिश्चत किया जाना चाहिए कि देश की मुख्य भूमि से ज्यादा से ज्यादा नागरिक, विशेषकर युवा इन गांवों में पर्यटन के लिए आएं और देश की सीमाओं की परिस्थिति से अवगत हो, यह जुड़ाव बहुत महत्वपूर्ण है।

# ड्रग्स की खेप गिराने घुसे पाकिस्तानी ड्रोन को भारतीय सेना ने मार गिराया



**जालंधर, (एजेंसी)।** पंजाब में अंतरराष्ट्रीय सीमा से ड्रग्स की खेप गिराने के लिए घुसे पाकिस्तानी ड्रोन को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने मार गिराया। पिछले चार दिनों में यह पांचवां पाकिस्तानी ड्रोन है, जिसे बीएसएफ के जवानों ने भारतीय सीमा में घुसने से रोका है। बीएसएफ के जवानों ने सोमवार रात पाकिस्तान की एक और नापाक कोशिश को विफल करते हुए अमृतसर के गांव भैणी राजपूताना में मादक पदार्थो की खेप सहित एक पाक ड्रोन को मार गिराया। बीएसएफ के जनसंपर्क अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि कल रात लगभग नौ बजे निचले इलाके में तैनात सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने जिला अमृतसर के गाँव भैणी राजपूताना के पास के इलाके में एक संदिग्ध पाक ड्रोन की हल्की आवज सुनी। उन्होंने बताया कि जवानों ने ड्रोन को रोकने के लिए तुरंत प्रतिक्रिया दी और पाक ड्रोन को मादक पदार्थ साहित सफलतापूर्वक मार गिराया।अधिकारी ने बताया कि बाद में क्षेत्र की तलाशी के दौरान बीएसएफ के जवानों ने एक काले रंग का ड्रोन (क्वाडकॉप्टर, डीजेआई मैट्रिस, 300 आरटीके) और दो किलो एक सौ ग्राम हेरोइन के दो पैकेट बरामद किए।

# तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन विदेश रवाना

### तमिलनाडु में निवेश लाने नौ दिवसीय यात्रा

**चेन्नई, (एजेंसी)।** तमिलनाडु के सीएम एम.के. स्टालिन अगले साल होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट (जीआईएम) से पहले राज्य में और अधिक निवेश आकर्षित करने की अपनी पहल के तहत निवेशकों को लुभाने के लिए सिंगापुर व जापान के आधिकारिक दौरे पर रवाना हुए। यह नौ दिवसीय यात्रा 2030 तक तमिलनाडु को एक खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य के हिस्से के रूप में जीआईएम के लिए कई फर्मों और निवेशकों को आमंत्रित करने के अलावा राज्य में निवेश और नई तकनीकों को लाने पर ध्यान केंद्रित करेगी।

मुख्यमंत्री के साथ उद्योग मंत्री टी.आर.बी. राजा और वरिष्ठ अधिकारी है। श्री स्टालिन की मुख्यमंत्री बनने के बाद निवेश आकर्षित करने के लिए यह दूसरी विदेश यात्रा है। उन्होंने पिछले मार्च में संयुक्त अरब अमीरात का दौरा किया था जहां 6,100 करोड़ रुपये के निवेश और 15,000 नौकरी के अवसर प्रदान करने एमओयू पर उनकी उपस्थिति में राज्य सरकार द्वारा हस्ताक्षर किए गए थे।

# नए संसद भवन के उद्घाटन में शामिल नहीं होंगे विपक्षी दल

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** नए संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति से कराने की विपक्ष की मांग के बीच कई राजनीतिक दलों के नेताओं ने 28 मई को आयोजित समारोह का बहिष्कार करने का फैसला किया है। कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों की मांग है कि संसद के नए भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से कराया जाए। सूत्रों ने बताया कि समान विचारधारा वाले विपक्षी दलों के नेताओं ने इस मुद्दे पर चर्चा की और सदन में विभिन्न विपक्षी दलों के नेताओं द्वारा जल्द ही एक संयुक्त बयान जारी किया जाएगा, जिसमें उद्घाटन कार्यक्रम के संयुक्त बहिष्कार की घोषणा की जाएगी। इस बीच, टीएमसी और भाकपा ने कहा कि वे उद्घाटन कार्यक्र म में शामिल नहीं होंगे। सूत्रों ने कहा कि कार्यक्रम का औपचारिक निमंत्रण प्राप्त होने के बाद बुधवार को राजनीतिक दलों द्वारा अंतिम फैसला किया जाएगा।

राज्यसभा में टीएमसी नेता डेरेक ओ ब्रायन ने ट्वीट किया कि संसद सिर्फ एक नयी इमारत नहीं है; यह पुरानी परंपराओं, मूल्यों, मिसालों और नियमों के साथ एक प्रतिष्ठान है - यह भारतीय लोकतंत्र की नींव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यह नहीं समझते हैं। उनके लिए, रविवार को नई इमारत का उद्घाटन सिर्फ मैं, खुद के बारे में है।

### बजाज का लाभ बढ़ा

नई दिल्ली। बजाज इलेक्ट्रिकल्स ने मंगलवार को बताया कि बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 34.08 प्रतिशत बढ़कर 51.85 करोड़ रुपए हो गया। एक साल पहले की इसी अवधि में उसका शुद्ध लाभ 38.67 करोड़ रुपए था। बजाज इलेक्ट्रिकल्स ने बताया कि उसकी परिचालन आय बढ़कर 1,473.54 करोड़ रुपए हो गई, जो मार्च 2022 तिमाही में 1,293.26 करोड़ रुपए थी। इस दौरान कुल व्यय 1,442.73 करोड़ रुपए रहा, जो एक साल पहले इसी अवधि में 1,299.61 करोड़ रुपए था।

### सबसे पतला स्मार्टफोन

नई दिल्ली। स्मार्टफोन बनाने वाली प्रमुख कंपनी मोटोरोला ने भारत में अपना सबसे पतला नया 5जी स्मार्टफोन मोटोरोला एज 40 को लांच करने की घोषणा की है जिसकी कीमत 29999 रुपए है। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि यह इसकी प्रीमियम एज में नया संकलन है। मोटोरोला एज 40 दुनिया का सबसे पतला 5जी (7.58 एमएम) स्मार्टफोन है। इसमें आईपी 68 अंडर वाटर प्रोटेक्शन का फीचर है। यह प्रीमियम डिजाइन के साथ पीयू वेगन लेदर फिनिश में सैंडब्लास्टेड अल्युमीनियम मेटल फ्रेम में बना हुआ है।

### मुनाफे में आई पे टेल

नई दिल्ली। उपभोक्ताओं को आफलाइन स्टोर में ईएमआई की सुविधा प्रदान करने वाले और तेजी से विकास कर रहे टेक प्लेटफार्म पे टेल ने वित्त वर्ष 2022-23 में तिमाही आधार पर 70 प्रतिशत से ज्यादा वृद्धि के साथ सालाना आधार 9 गुना बढोतरी दर्ज की है। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 में पेटेल ने कुल 1,200 करोड़ रुपए की ईएमआई सुविधा ग्राहकों को दी, जो वित्त वर्ष 2021-22 में 142 करोड़ रुपए था। कंपनी ने इस विकास का श्रेय रिटेल मर्चेंट्स के बढ़ते डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क और कारपोरेट पार्टनरशिप को दिया है।

### सेंसेक्स 18 अंक लुढ़का

मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में तेजी रही। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई सेंसेक्स मामूली 18 अंक की बढ़त में रहा। वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच अमेरिकी फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक का ब्योरा जारी होने से पहले निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। कारोबार के अंतिम समय में उतार-चढ़ाव से तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स दिन के उच्चस्तर से नीचे आ गया और अंत में 18.11 अंक यानी 0.03 प्रतिशत की मामूली बढत के साथ 61,981.79 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 281.51 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 33.60 अंक यानी 0.18 प्रतिशत की तेजी के साथ 18,348 अंक पर बंद हुआ।

### लेलैंड को पांच गुना मुनाफा

नई दिल्ली। वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता अशोक लेलैंड का जनवरी-मार्च, 2023 की तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ पांच गुना होकर 802.71 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजारों यह जानकारी दी। इससे पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 157.85 करोड़ रुपए रहा था। अशोक लेलैंड की परिचालन आय आलोच्य तिमाही में बढ़कर 13,202.55 करोड़ रुपए हो गई जबकि जनवरी-मार्च 2022 की तिमाही में यह 9,926.97 करोड़ रुपए रही थी। मार्च तिमाही में कंपनी का कुल व्यय 12,085.5 करोड़ रुपए हो गया।

### ई स्कूटर सिंपल वन लांच

शूलागिरी (तमिलनाडु), (भाषा)। इलेक्ट्रिक दोपहिया स्टार्टअप सिंपल एनर्जी ने मंगलवार को आधिकारिक तौर पर अपना पहला इलेक्ट्रिक स्कूटर सिंपल वन पेश किया। बेंगलुरु में इसकी शुरुआती शोरूम कीमत 1.45 लाख रुए है। कंपनी ने इस मौके पर बताया कि इसका 750 वाट चार्जर वाला मॉडल 1.58 लाख रुपये की कीमत पर उपलब्ध होगा। सिंपल एनर्जी ने 15 अगस्त, 2021 को 1.10 लाख रुपये की कीमत के साथ वैश्विक स्तर पर अपने पहले वाहन से पर्दा उठाया था। सिंपल एनर्जी के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुहास राजकुमार ने कहा कि ग्राहकों को इलेक्ट्रिक स्कूटर की आपूर्ति छह जून से शुरू होगी।(एजेंसियां)

## डीएलएफ के चेयरमैन राजीव सिंह सबसे बड़े रियल एस्टेट कारोबारी

■ राजीव सिंह की संपत्ति 59030 करोड़ रुपए रही ■ हुरून की सूची में लोढ़ा ग्रुप के एमपी लोढ़ा दूसरे नंबर पर



नई दिल्ली (भाषा)। डीएलएफ के चेयरमैन राजीव सिंह 59,030 करोड़ रुपए की संपत्ति के साथ सबसे धनी भारतीय रियल एस्टेट कारोबारी बने हुए हैं। ग्रोहे - हुरून इंडिया की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट के मुताबिक मैक्रोटेक डेवलपर्स (लोढ़ा ग्रुप) के मंगल प्रभात लोढ़ा और उनका परिवार 42,270 करोड़ रुपए की संपत्ति के साथ दूसरे स्थान पर है।

■ 42270 करोड़ रुपए है लोढ़ा समूह की संपत्ति
■ सूची में बेंगलुरु की आरएमजेड तीसरे नंबर पर
■ इस अहम सूची में के.रहेजा ग्रुप को चौथा स्थान

'ग्रोहे - हुरून इंडिया रियल एस्टेट रिच लिस्ट 2023' नाम से यह रिपोर्ट मंगलवार को जारी हुई। इसमें 67 कंपनियों और 16 शहरों के 100 लोगों को रैंकिंग दी गई। रिपोर्ट के मुताबिक सूची में शामिल 61 फीसद लोगों की संपत्ति में इजाफा हुआ। जबकि 36 की संपत्ति में कमी देखी गई। इसमें 25 नए चेहरे शामिल हुए। सूची के अनुसार बेंगलुरु स्थित आरएमजेड कार्प के अर्जुन मेंडा और परिवार ने 37,000 करोड़ रुपए की संपत्ति के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। के. रहेजा कॉर्प के चंद्र रहेजा और परिवार ने 26,620 करोड़ रुपए की संपत्ति के साथ चौथा स्थान हासिल किया। हुरुन इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य शोधकर्ता अनस रहमान जुनैद ने संवाददाताओं से कहा कि सूची में 25% लोग पहली बार शामिल हुए।



## आत्मनिर्भर भारत पहल में अमेरिका स्वाभाविक भागीदार

वाशिंगटन (भाषा)।

'आत्मनिर्भर भारत' एक शानदार पहल है, जिसका लंबे समय से इंतजार था। एक शीर्ष भारतीय-अमेरिकी सीईओ ने यह बात कही। साथ ही उन्होंने जोड़ा कि रक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनने की भारत की पहल में अमेरिका स्वाभाविक भागीदार है।

जनरल एटॉमिक्स ग्लोबल कॉरपोरेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विवेक लाल की यह टिप्पणी जून में प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिकी यात्रा से पहले आई है। उन्होंने बताया, 'मुझे लगता है कि आत्मनिर्भर भारत एक शानदार पहल है। आत्मनिर्भर भारत का लंबे समय से इंतजार था और इसे अधिक विकसित करने की जरूरत है।

## आयकर रिटर्न भरने की प्रक्रिया शुरू हुई

■ व्यक्तिगत व पेशेवरों के लिए शुरू हुई सुविधा

नई दिल्ली (भाषा)।

आयकर विभाग ने व्यक्तियों, पेशेवरों और छोटे कारोबारियों के लिए वित्त वर्ष 2022-23 के आयकर रिटर्न (आईटीआर) एक और चार आनलाइन भरने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

विभाग ने ट्विटर पर लिखा है कि अन्य आयकर रिटर्न/फार्म के लिए सुविधाएं जल्द शुरू की जाएगी। विभाग ने एक व्यक्ति के ट्वीट के जवाब में कहा, 'ई-फाइलिंग पोर्टल पर आकलन वर्ष 2023-24 के लिए आनलाइन आईटीआर एक और चार भरने की सुविधा शुरू कर दी गयी है।' वित्त वर्ष 2022-23 के लिए जिन लोगों के खातों के आडिट की जरूरत नहीं है, उनके मामले में आयकर रिटर्न भरने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है।




आईटीआर एक वेतनभोगी और वरिष्ठ नागरिक समेत अन्य व्यक्ति भरते हैं। वहीं आईटआर दो कंपनियां और पेशेवर भरते हैं। यह उन इकाइयों के लिए है जिन्होंने अनुमानित कराधान का विकल्प चुना है और जिनकी सालाना आय 50 लाख से अधिक नहीं है।

## एसबीआई जनरल ने लांच किया श्योरिटी बांड इंश्योरेंस

नई दिल्ली (वार्ता)।

साधारण बीमा कंपनी एसबीआई जनरल इंश्योरेंस ने 'एसबीआई जनरल श्योरिटी बांड बीमा (कंडीशनल एवं अन-कंडीशनल)' को लांच किया है।

कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि इस बीमा उत्पाद को ठेकेदारों द्वारा निर्माण के चरण के दौरान अथवा प्रोजेक्ट के निष्पादन चरण के दौरान नियमों एवं शर्तों के उल्लंघन विरूद्ध सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए डिजाइन किया गया है। इस श्योरिटी इंश्योरेंस उत्पाद में बांड की एक व्यापक श्रृंखला शामिल है, जैसे बिड बांड्स, ऐडवांस्ड पेमेंट बॉन्ड, परफॉर्मेंस बांड और रिटेंशन मनी बांड। इसके अतिरिक्त यह दो वैरिएंट्स कंडीशनल एवं अन-कंडीशनल में उपलब्ध है। कंडीशनल बांड में, दावा किए जाने पर लाभार्थी द्वारा कुछ विशिष्ट शर्तो को पूरा किए जाने की स्थिति में एक निर्धारित राशि का भुगतान किया जाता है, जबकि अन-कंडीशनल बांड लाभार्थी को लगभग बिना किसी शर्त के अपने पैसों का दावा करने की सुविधा प्रदान करता है।

इस उत्पाद को आधारभूत संरचना विकास को प्रोत्साहन देने के सरकारी दृष्टिकोण के अनुरूप विकसित किया गया है।

₹2000 का नोट बदलने के पहले दिन बैंकों में सामान्य रहे हालात

## ज्यादातर बैंक शाखाओं में देखी गईं छोटी कतारें

नई दिल्ली (भाषा)।

ज्यादातर बैंक शाखाओं में 2,000 रुपए के नोटों को छोटे मूल्य वर्ग के नोटों से बदलने के पहले दिन मंगलवार को छोटी कतारें देखी गईं। बैंक शाखाएं सुबह जब खुलीं तो नोट बदलने के लिए कोई खास भीड़ नहीं देखी गई। महानगरों में निजी क्षेत्र के बैंकों की शाखाओं में सामान्य रूप से कारोबार हुआ।




सार्वजनिक क्षेत्र के एक बैंक के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि फिलहाल बहुत अधिक भीड़ नहीं देखी गई है, क्योंकि नोट बदलने के लिए चार महीने का समय है और 2,000 रुपए की मुद्रा भी चलन में अपेक्षाकृत कम है। पिछली बार 2016 में हुई नोटबंदी से अलग इस बार 2,000 रुपए के नोट कानूनी रूप से वैध बने हुए हैं।

अधिकारी ने कहा कि अभी शाखाओं में ज्यादा भीड़ नहीं है और मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार जमा स्वीकार की जा रही है। इस बीच आरबीआई ने बैंकों को सलाह दी है कि वे 2,000 रुपए का नोट बदलने या जमा करने आए लोगों को धूप के बचाने के लिए 'शेड' का इंतजाम करें। साथ ही कतार में लगे लोगों के लिए पीने के पानी की भी व्यवस्था की जाए।

उल्लेखनीय है कि 2016 में नोटबंदी के दौरान बैंकों में नोट बदलने के लिए कतारें लगी थीं और आरोप है कि इस दौरान कई ग्राहकों की मृत्यु भी हो गई थी। गत शुक्रवार को 2,000 रुपए के नोटों को वापस लेने की घोषणा के बावजूद यह वैध मुद्रा बना रहेगा। 2016 में नोटबंदी की घोषणा के बाद ऐसा नहीं था।

रिजर्व बैंक ने सोमवार को जारी अधिसूचना में कहा, 'बैंकों को अपनी शाखाओं में इंतजार करने वाले ग्राहकों के लिए शेड और पानी की व्यवस्था करने की सलाह दी गई है।

## नए फार्मा उत्पादों पर लागू होंगे गुणवत्ता मानक

नई दिल्ली (भाषा)।

भारत से होने वाले निर्यात को वैश्विक मानकों के अनुरूप ढालने के लिए जरूरत पड़ने पर अधिक औषधीय (फार्मा) उत्पादों को अनिवार्य गुणवत्ता सुधार मानकों के दायरे में लाया जा सकता है।

विदेश व्यापार महानिदेशक (डीजीएफटी) संतोष कुमार सारंगी ने मंगलवार को कहा कि स्वास्थ्य मंत्रालय से इस बारे में परामर्श मिलने पर अधिक औषधीय उत्पादों को अनिवार्य गुणवत्ता सुधार मानकों के दायरे में लाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि देश से निर्यात किए जाने वाले सभी औषधीय उत्पादों को वैश्विक मानकों एवं गुणवत्ता जरूरतों पर खरा उतरना होगा।

सारंगी का यह बयान कफ सिरप निर्यातकों के लिए उत्पाद का गुणवत्ता परीक्षण अनिवार्य किए जाने के एक दिन बाद आया है।



डीजीएफटी ने कहा है कि एक जून से विदेश भेजे जाने वाले कफ सिरप का प्रयोगशालाओं में पहले परीक्षण कराना होगा।

भारतीय दवा कंपनियों के कुछ उत्पादों को लेकर वैश्विक स्तर पर चिंता जताए जाने से गुणवत्ता सुधार मानकों पर जोर दिया जा रहा है।

सारंगी ने कहा, 'यह एक सतत चलने वाली प्रक्रिया है जिसकी शुरुआत कफ सिरप के साथ शुरू हुई है। हमारी कोशिश है कि भारत से निर्यात किया जाने वाला कोई भी कफ सिरप गुणवत्ता मानक पर खरा उतरे। इसी वजह से सिरप का भारत में परीक्षण किए जाने के बाद ही निर्यात किया जाएगा।'

## 82.82 प्रति डालर पर लगभग स्थिर रहा रुपया

मुंबई (भाषा)।

घरेलू शेयर बाजार में स्थिरता के रुख के बीच अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले दो पैसे की मामूली तेजी के साथ 82.82 (अस्थायी) प्रति डालर के स्तर पर पहुंच गया। सूत्रों ने कहा कि डालर में मजबूती के कारण रुपए की तेजी सीमित रही।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डालर के मुकाबले 82.82 प्रति डालर पर खुला। कारोबार के अंत में यह अपने पिछले बंद भाव के मुकाबले दो पैसे की मामूली तेजी के साथ 82.82 (अस्थायी) प्रति डालर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान रुपया 82.76 के उच्चस्तर तक गया और 82.84 के निचले स्तर तक आया।

## एसजेवीएन ने जुटाया सर्वाधिक राजस्व



नई दिल्ली (वि.)। एसजेवीएन ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान अब तक का सर्वाधिक 3299 करोड़ रुपए का राजस्व दर्ज किया है। गत उच्चतम राजस्व वित्तीय वर्ष 2014-15 में दर्ज किया गया था जब यह 3256 करोड़ रुपए था। यह जानकारी कंपनी के सीएमडी नन्द लाल शर्मा, ने दी।

उन्होंने आगे कहा कि राजस्व में गत वर्ष के 2626 करोड़ रुपए की तुलना में 25.67% की वृद्धि दर्ज हुई है। बोर्ड ने 1.77 रुपए प्रति शेयर (10 रुपए प्रति शेयर की फेस वैल्यू पर) के लाभांश की भी अनुशंसा की है। शर्मा ने आगे बताया कि एसजेवीएन ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में कर पश्चात लाभ (पीएटी) 1363.45 करोड़ रुपए दर्ज किया है जो गत वित्तीय वर्ष की तुलना में 39.48% अधिक है, जब पीएटी 977.52 करोड़ रुपए था। जबकि एसजेवीएन का नेटवर्थ 13128 करोड़ रुपए से बढ़कर 13822 करोड़ रुपए हो गया, जिसमें लगभग 694 करोड़ रुपए की वृद्धि है।

## अल्फा इन्वेस्टमेंट फंड से जुटाए 2100 करोड़

मुंबई (वि.)। अल्फा अल्टरनेटिव्स ग्रुप की एसेट मैनेजमेंट कंपनी, अल्फा अल्टरनेटिव्स फंड एडवाइजर्स ने अल्फा अल्टरनेटिव्स स्ट्रक्चर्ड क्रेडिट अपार्चुनिटीज फंड ('एएएससीओएफ'), की एक कैटेगरी, अल्टरनेट इन्वेस्टमेंट फंड (एआईएफ) के पहले क्लोजर में 2100 करोड़ रुपए से ज्यादा की रकम जुटाई है। फंड में भारी डिमांड देखी गई है और इसलिए 1000 करोड़ रुपए के पहले से अनुमानित टारगेट को रिवाइज्ड यानी संशोधित कर के, 2500 करोड़ रुपए कर दिया गया है।

कंपनी के मैनेजिंग पार्टनर नरेश कोठारी ने कहा, 'एएएससीओएफ को मिली भारी प्रतिक्रिया, टीम के मजबूत ट्रैक रिकार्ड और पिछले 4 वर्षों की रणनीति को प्रदर्शित करते है। हमने अपनी तरह का एक स्ट्रक्चर्ड क्रेडिट फंड लॉन्च किया है, जो हाई रिस्क वाले एसेट्स में इन्वेस्ट करने के बजाए हाई-क्वालिटी वाले ऑपरेटिंग व्यवसायों को फंडिंग पर केंद्रित है।' फंड मैनेजर कौशल बियाणी ने कहा, 'हम भारत में प्राइवेट क्रेडिट स्पेस में महत्वपूर्ण अवसर देख रहे हैं।

## नॉन कोकिंग कोयले का आयात तीन साल में घटेगा

रांची (भाषा)।

सार्वजनिक क्षेत्र की सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक पीएम प्रसाद ने मंगलवार को कहा कि बिजली उत्पादन में इस्तेमाल होने वाले नॉन कोकिंग कोयले के आयात में वित्त वर्ष 2025-26 तक बड़ी कमी आने की संभावना है।

देश की सबसे बड़ी कोयला उत्पादक कोल इंडिया लिमिटेड की अनुषंगी सीसीएल के प्रमुख ने कहा कि 2025-26 तक कोल इंडिया की उत्पादन क्षमता बढकर एक अरब टन हो जाने की उम्मीद है। ऐसी स्थिति में नॉन कोकिंग कोयले की आयात जरूरत काफी कम हो जाएगी।

## पट्टे पर विमान देने वाली कंपनियों के खिलाफ कोर्ट में कैविएट दाखिल

नई दिल्ली (भाषा)।

गो फर्स्ट के निलंबित निदेशक मंडल ने विमान पट्टे पर देने वाली वाली चार कंपनियों के खिलाफ मंगलवार को उच्चतम न्यायालय के समक्ष कैविएट दाखिल किया।

कैविएट याचिका दाखिल करने का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि उनकी बातों को सुने बिना उनके खिलाफ कोई आदेश पारित नहीं किया जाए। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर उपलब्ध सूचना के अनुसार निलंबित निदेशक मंडल के चेयरमैन वरुण बेरी ने चार कैविएट आवेदन दाखिल किए हैं।

पट्टे पर विमान देने वाली कंपनियों में एसएमबीसी एविएशन कैपिटल लि., जीवाई एविएशन, एसएफवी एयरक्राफ्ट होल्डिंग्स और इंजन लीजिंग फाइनेंस बीवी (ईएलएफसी)। इन कंपनियों के संकट में फंसी कंपनी के पास करीब 22 विमान हैं।

राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण के सोमवार को जारी आदेश के खिलाफ कैविएट दाखिल किए गए हैं। इसमें राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की दिल्ली पीठ के 10 मई को पारित आदेश को बरकरार रखा गया है। एनसीएलटी की प्रधान पीठ ने गो फर्स्ट की स्वैच्छिक ऋण शोधन समाधान कार्यवाही शुरू करने की अपील को स्वीकार कर लिया है। न्यायाधिकरण ने मामले में अंतरिम समाधान पेशेवर भी नियुक्त किया।

बेरी वाडिया समूह की दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली इकाई ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज के कार्यकारी उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक भी हैं।

## इलेक्ट्रिक दुपहिया पर सब्सिडी में कटौती से प्रभावित होगा उद्योग

■ फेम-2 योजना में मिलने वाली सब्सिडी में की गई कटौती ■ ई वाहन उद्योग के संगठन एसएमईवी ने जताया है विरोध

नई दिल्ली (भाषा)।

इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग के निकाय एसएमईवी ने मंगलवार को कहा कि इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की सब्सिडी में अचानक कमी से भारी नुकसान हो सकता है।

निकाय ने कहा कि इससे ईवी अपनाने में बड़ी गिरावट हो सकती है और पूरा उद्योग लंबे समय के लिए प्रभावित हो सकता है। हालांकि, दूसरी ओर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी क्षेत्र में स्टार्टअप कंपनियों ने सरकार के फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि यह ईवी उद्योग के लिए अपने दम पर खड़े होने का समय है।

सरकार ने सोमवार को इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों पर लागू फेम-2 (भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों के विनिर्माण और उन्हें तेजी से अपनाना) योजना के तहत दी जाने वाली सब्सिडी को कम कर दिया था। यह फैसला एक जून 2023 को या उसके बाद पंजीकृत इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों पर लागू होगा। भारी उद्योग मंत्रालय ने इन परिवर्तनों को अधिसूचित किया है। इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों के लिए मांग प्रोत्साहन 10,000 रुपए प्रति किलोवाट घंटा होगा।



सोसाइटी ऑफ मैन्युफैक्चरर्स आफ इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (एसएमईवी) के महानिदेशक सोहिंदर गिल ने बदलावों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'सब्सिडी में अचानक कमी से ईवी अपनाने में बड़ी गिरावट आ सकती है, जिससे पूरे उद्योग पर काफी समय तक असर पड़ेगा।' उन्होंने कहा कि जमीनी हकीकत यह है कि भारतीय बाजार कीमत के प्रति संवेदनशील बना हुआ है। ज्यादातर पेट्रोल दोपहिया वाहनों की कीमत एक लाख रुपए से कम है, और इसलिए इलेक्ट्रिक वाहन पर 1.5 लाख रुपए से अधिक खर्च करने की संभावना कम है।

गिल ने हालांकि कहा कि भारी उद्योग मंत्रालय ने कुछ महीने पहले ही सब्सिडी कम करने का संकेत दे दिया था।

दूसरी ओर, वोल्टअप के सह-संस्थापक और सीईओ सिद्धार्थ काबरा ने फेम सब्सिडी में कमी का स्वागत किया और कहा कि अब उद्योग के लिए अपने पैरों पर खड़ा होने का वक्त है। उन्होंने उद्योग और सरकार से एक सुसंगत बुनियादी ढांचा विकास नीति बनाने की दिशा में काम करने का भी आह्वान किया।

## सोना 350 रुपए टूटा चांदी 660 रुपए लुढ़की

नई दिल्ली (भाषा)।

वैश्विक स्तर पर बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट आने के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने का भाव 350 रुपए के नुकसान के साथ 60,170 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी।

पिछले कारोबारी सत्र में सोना 60,520 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 660 रुपए की गिरावट के साथ 72,880 रुपए प्रति किलोग्राम रह गई। 'दिल्ली सर्राफा बाजार में सोने की हाजिर कीमत 350 रुपए की गिरावट के साथ 60,170 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गई।'

# गुजरात की ताकत पर भारी पड़ा माही का ब्रेन

## आईपीएल सीजन-16 : चेन्नई ने गुजरात को 15 रन से हराया, ऋतुराज ने जड़ा अर्धशतक

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स ने ऋतुराज गायकवाड़ (60 रन) के शानदार अर्धशतक और रवींद्र जडेजा (22 रन, दो विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत आईपीएल के पहले क्वॉलीफायर में मंगलवार को गुजरात टाइटंस को 15 रन से हराकर 10वीं बार फाइनल में जगह बना ली।

चेन्नई ने गुजरात के सामने 173 रन का लक्ष्य रखा, जिसके जवाब में गुजरात 157 रन बनाकर पारी की आखिरी गेंद पर ऑलआउट हो गई। चेन्नई के लिए ऋतुराज और कॉन्वे ने नौवीं बार 50 से अधिक की साझेदारी की। गायकवाड़ की अर्धशतकीय पारी के अलावा जडेजा ने 16 गेंद पर 22 रन बनाकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। यह स्कोर गुजरात के लिए बहुत बड़ा साबित हुआ। जडेजा ने मध्य ओवरों में गुजरात को रनों के लिए तरसाया दिया और अपने चार ओवर में मात्र 18 रन देकर दो विकेट लिए। महीष तीक्षणा ने उनका बखूबी साथ निभाया और चार ओवर में 28 रन देकर दो सफलताएं हासिल कीं। शुभमन गिल 42 रन और राशिद खान (16 गेंद पर30 रन) ने कुछ अच्छे शॉट खेलकर संघर्ष किया, हालांकि यह गुजरात को जीत दिलाने के लिए काफी नहीं था। ऋतुराज ने इस सीजन अपना अपना पांच अर्धशतक जड़ा।

चेन्नई रिकॉर्ड 10वीं बार आईपीएल के फाइनल में पहुंच गयी है जहां वह पांचवीं बार खिताब जीतने के लिए 28 मई को अपनी दावेदारी पेश करेगी। गुजरात को फाइनल में पहुंचने के लिये दूसरे क्वालीफायर के रूप में एक और मौका मिलेगा, जहां उसका सामना लखनऊ सुपर जायंट्स या मुंबई इंडियंस में से किसी एक से होगा।








### पावरप्ले में सर्वाधिक विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बने चाहर

चेन्नई के तेज गेंदबाज दीपक चाहर आईपीएल के पावरप्ले में सर्वाधिक विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बन गए। उन्होंने गुजराज के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की। दीपक के साहा के विके लेकर पावरप्ले में अपने 53 विकेट पूरे किए। आईपीएल के पावरप्ले में भुवनेश्वर कुमार ने सर्वाधिक 61 विकेट लिए है। इसके बाद संदीप शर्मा 55 विकेट के साथ दूसरे नंबर पर हैं। आईपीएल 2023 के पावरप्ले में दीपक चाहर ने 10 विकेट अपने नाम किए हैं। वहीं मोहम्मद शमी लिस्ट में 15 विकेट के साथ अव्वल नंबर पर हैं।

### स्कोर बोर्ड

| चेन्नई सुपर किंग्स | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ऋतुराज कै. मिलर बो. मोहित | 60 | 44 | 7/1 |
| डेवोन कॉन्वे कै. राशिद बो. शमी | 40 | 34 | 4/0 |
| शिवम दुबे बो. नूर | 01 | 03 | 0/0 |
| अजिंक्य रहाणे कै. गिल बो. दर्शन | 17 | 10 | 0/1 |
| अंबाती रायुडू कै. दसून बो. राशिद | 17 | 09 | 1/1 |
| रवींद्र जडेजा बो. शमी | 22 | 16 | 2/0 |
| धोनी कै. हार्दिक बो. मोहित | 01 | 02 | 0/0 |
| मोईन अली नाबाद | 09 | 04 | 0/1 |

**अतिरिक्त**: 5, **कुल**: 20 ओवर में सात विकेट पर 172 रन **विकेट पतन**: 1-87, 2-90, 3-121, 4-125, 5-148, 6-155, 7-172 **गेंदबाजी**: मोहम्मद शमी 4-0-28-2, दर्शन नालकंडे 4-0-44-1, राशिद खान 4-0-37-1, नूर अहमद 4-0-29-1, मोहित शर्मा 4-0-31-2,

| गुजरात टाइटंस | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| साहा कै. पथिराना बो. चाहर | 12 | 11 | 2/0 |
| शुभमन गिल कै. कॉन्वे बो. चाहर | 42 | 38 | 4/1 |
| हार्दिक कै. जडेजा बो. थीक्षणा | 08 | 07 | 1/0 |
| शानका कै. थीक्षणा बो. जडेजा | 17 | 16 | 1/1 |
| डेविड मिलर बो. जेडजा | 04 | 06 | 0/0 |
| वी. शंकर कै. ऋतुराज बो. पथिराना | 14 | 10 | 0/1 |
| राहुल तेवतिया बो. थीक्षणा | 03 | 05 | 0/0 |
| राशिद खान कै. कॉन्वे बो. तुषार | 30 | 16 | 3/2 |
| दर्शन नालकंडे रन आउट | 00 | 01 | 0/0 |
| नूर अहमद नाबाद | 07 | 05 | 1/0 |
| मो. शमी कै. चाहर बो. पथिराना | 05 | 05 | 1/0 |

**अतिरिक्त**: 15, **कुल**: 20 ओवर में 157 रन पर ऑल आउट **विकेट पतन**: 1-22, 2-41, 3-72, 4-88, 5-88, 6-98, 7-136, 8-136, 9-142, 10-157 **गेंदबाजी**: दीपक चाहर 4-0-29-2, तुषार देशपांडे 4-0-43-1, महीश थीक्षणा 4-0-28-2, रवींद्र जडेजा 4-0-18-2, मथीशा पथिराना 4-0-37-2,

### ऑरेंज कैप



1 फाफ डु प्लेसिस 730

| मैच | सर्वश्रेष्ठ | औसत | चौके | छक्के | 50 | 100 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 14 | 84 | 56.15 | 60 | 36 | 8 | 0 |

| स्थान | प्लेयर | मैच | रन | सर्वश्रेष्ठ | औसत | 4 | 6 | 50 | 100 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | शुभमन गिल | 15 | 722 | 104* | 55.54 | 71 | 23 | 4 | 2 |
| 3 | विराट कोहली | 14 | 639 | 101* | 53.25 | 65 | 16 | 6 | 2 |
| 4 | जायसवाल | 14 | 625 | 124 | 48.08 | 82 | 26 | 5 | 1 |
| 5 | डेवोन कॉन्वे | 15 | 625 | 92* | 52.08 | 73 | 16 | 6 | 0 |

### पर्पल कैप



1 मोहम्मद शमी 26

| मैच | विकेट | इकोनॉमी | बेस्ट बॉलिंग | 4/5 विकेट |
|---|---|---|---|---|
| 15 | 26 | 7.66 | 11/4 | 2/0 |

| स्थान | प्लेयर | मैच | विकेट | बेस्ट | इकोनॉमी | 4/5 विकेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | राशिद खान | 15 | 25 | 30/4 | 7.91 | 1/0 |
| 3 | यूजी चहल | 14 | 21 | 17/4 | 8.17 | 3/0 |
| 4 | तुषार देशपांडे | 15 | 21 | 45/3 | 9.61 | 0/0 |
| 5 | पीयूष चावला | 14 | 20 | 22/3 | 7.81 | 0/0 |

### आईपीएल 2023 अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात टाइटंस | 14 | 10 | 04 | 20 | 0.809 |
| चेन्नई सुपर किंग्स | 14 | 08 | 05 | 17 | 0.652 |
| लखनऊ सुपर जांयट्स | 14 | 08 | 05 | 17 | 0.284 |
| मुंबई इंडियंस | 14 | 08 | 06 | 16 | -0.044 |
| राजस्थान रॉयल्स | 14 | 07 | 07 | 14 | 0.148 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 14 | 07 | 07 | 14 | 0.135 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 14 | 06 | 08 | 12 | -0.239 |
| पंजाब किंग्स | 14 | 06 | 08 | 12 | -0.304 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 14 | 05 | 09 | 10 | -0.808 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 14 | 04 | 10 | 08 | -0.590 |

## यूजलोकेटर ने अनिकेत के साथ किया करार




**भोपाल।** शहर के प्रतिभावान खिलाड़ी अनिकेत वर्मा के साथ यूजलोकेटर इंडिया प्रालि ने तीन वर्ष का करार किया है। इसके तहत अनिकेत को क्रिकेट से सम्बंधित सभी खेल सामग्री अगले तीन वर्षो तक प्रधान की जाएगी। कंपनी के संस्थापक फैसल मीर और संजय शर्मा ने कहा के भविष्य मैं भी हम लोग और खिलाड़ी चयन कर इस परपाटी को जारी रखेंगे। क्रिकेट के प्रोत्साहन के लिए पिछले माह यूआईपीएल द्वारा क्रिकेटर मोहम्मद जैद और धर्मेंद्र यादव को कंपनी मैं नौकरी प्रदान की गयी।

## जुवेंट्स की चैंपियंस लीग में क्वॉलीफाई करने की उम्मीदों को लगा तगड़ा झटका

### सिरी-ए लीग में एम्पोली ने दी शिकस्त, 10 अंक का जुर्माना भी लगा



**मिलान।** जुवेंट्स को इटालियन फुटबॉल टूर्नामेंट सिरी-ए लीग में एम्पोली के खिलाफ 4-1 शिकस्त का सामना करना पड़ा, जिसके बाद उसकी उसकी चैंपियन्स लीग में जगह बनाने की उम्मीदों को झटका लगा। इससे पहले खातों में गड़बड़ी के कारण जुवेंट्स पर 10 अंक का जुर्माना लगाया गया जिससे टीम सिरी ए में सातवें स्थान पर खिसक गई। टीम अब चौथे स्थान पर चल रहे एसी मिलान से पांच अंक पीछे है। जुवेंट्स को अब सिर्फ दो मैच खेलने हैं। टीम अपने अगले मैच में मिलान की मेजबानी करेगी। जुवेंट्स की टीम हालांकि अंकों के जुर्माने के खिलाफ अपील कर सकती है। एक अन्य मैच में रोमा को सालेरनिटाना ने 2-2 से बराबरी पर रोका।

### आईसीसी ने मैच-फिक्सिंग के आरोपी थॉमस पर लगाया प्रतिबंध

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने वेस्ट इंडीज के खिलाड़ी डेवन थॉमस पर भ्रष्टाचार-रोधी संहिता के उल्लंघन के सात मामले दर्ज किए हैं। आईसीसी ने मंगलवार को जारी विज्ञप्ति में बताया कि उसने श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी), अमीरात क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) और कैरिबियाई प्रीमियर लीग (सीपीएल) की ओर से थॉमस को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है।

### टेटे चैंपियनशिप के अंतिम-32 में पहुंचीं मनिका

**डरबन।** भारतीय खिलाड़ी मनिका बत्रा ने सिंगापुर की वोंग शिन रु को हराकर मंगलवार को यहां विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप के अंतिम-32 दौर में प्रवेश किया। विश्व रैंकिंग में 39वें स्थान पर काबिज मनिका को दूसरे दौर के मुकाबले में 171वीं रैंक की अपनी प्रतिद्वंद्वी को शिकस्त देने के लिए थोड़ा पसीना बहाना पड़ा। सिंगापुर की खिलाड़ी ने शुरुआती दो गेम में मनिका को कड़ी टक्कर दी लेकिन इस भारतीय खिलाड़ी ने शानदार वापसी करते हुए 11-9, 14-12, 11-4, 11-8 से जीत दर्ज की। भारत के लिए एकल प्रतियोगिता में यह सर्वश्रेष्ठ परिणाम है। पुरुष एकल में, शरत कमल और जी साथियान दूसरे दौर (अंतिम 64) में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

## महिला स्कीट में भारत ने पहली बार दो पदक जीते



### आईएसएसएफ विश्व कप में सेखों को रजत, दर्शना को कांस्य

**अल्माटी।** गनीमत सेखों के रजत और दर्शना राठौड़ के कांस्य पदक की मदद से भारत ने मंगलवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप में सीनियर स्तर पर महिला स्कीट में पहली बार दो पदक जीते।

गनीमत और ओरिनबे ने 60 शॉट के फाइनल में 50-50 अंक बटोरे। शूटआउट में गनीमत दो में से एक लक्ष्य पर निशाना को लगाने में चूक गयी जबकि ओरिनबे ने अपने दोनों लक्ष्य पर निशाना साधा। यह गनीमत का दूसरा व्यक्तिगत विश्व कप पदक था जबकि दर्शना ने सीनियर स्तर के अपने पहले फाइनल में ही पदक पक्का किया। इससे पहले प्रतियोगिता के दूसरे दिन दर्शना ने 120 के स्कोर के साथ राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी करते छह महिलाओं के फाइनल के लिए दूसरे स्थान के साथ क्वॉलीफाई किया। गनीमत 117 के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रही। ओरिनबे 121 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर रही।

फाइनल में 30 निशाने के बाद चार प्रतियोगिता बच गये जिसमें 25 अंक के साथ दर्शना शीर्ष पर थी जबकि ओरिनबे 24 अंक के साथ दूसरे स्थान पर थी। दर्शना चेक गणराज्य की बारबोरा के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर थी। अगले 10 निशाने के बाद बारबोरा खिताबी दौड़ से बाहर हो गयी और भारत के लिए ऐतिहासिक दो पदक पक्के हो गया।

## बोपन्ना की सात साल के बाद एटीपी युगल रैंकिंग के शीर्ष-10 में वापसी

**नई दिल्ली।** अनुभवी भारतीय टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने दो स्थान के सुधार के साथ सात साल बाद एटीपी युगल रैंकिंग के शीर्ष-10 में वापसी की। यह 43 साल का खिलाड़ी इस सप्ताह की नवीनतम रैंकिंग में नौवें स्थान पर पहुंच गया। वह जून 2016 के बाद पहली बार शीर्ष 10 में पहुंचे है। बोपन्ना को पिछले साल घुटने की चोट के कारण डेविस कप और कुछ अन्य स्पर्धाओं से हटने के लिए मजबूर होना पड़ा था। उनकी करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग तीन है जो उन्होंने 2016 में हासिल की थी। उन्होंने सत्र की शुरुआत 19वें स्थान से की थी। इस सत्र में उन्होंने अब तक 13 टूर्नामेंट में भाग लिया है। वह इस साल फरवरी में एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के अपने जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन के साथ मार्च में इंडियन वेल्स मास्टर्स का खिताब जीता था। बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी ने फरवरी में कतर ओपन भी जीता था और मई में मैड्रिड ओपन के फाइनल में पहुंचे थे। एकल रैंकिंग में सुमित नागल 256 वें स्थान के साथ शीर्ष भारतीय खिलाड़ी है। एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता अंकिता रैना महिला एकल में 212 वें स्थान के साथ सर्वश्रेष्ठ भारतीय महिला खिलाड़ी है।


## ऐतिहासिक और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर स्थलों पर घूमने के लिए एकबार जरूर जायें सिक्किम

सवा चार लाख की आबादी वाले राज्य में 70 से ज्यादा बौद्ध मठ? चौंकिए नहीं यह तथ्य बिल्कुल सही हैं। हम बात कर रहे हैं भारत के पूर्वोत्तर में स्थित सिक्किम राज्य की। इस राज्य के बारे में एक और तथ्य भी है कि शायद यही एकमात्र राज्य ऐसा बचा है जहां कि संपूर्ण बौद्ध धर्म, कला, संस्कृति तथा सभ्यता को संभालकर रखा गया है। सिक्किम में स्थित सभी मठ ऐतिहासिक और प्राचीन महत्व के हैं। यहां पर आने वाले हर आगंतुक के लिए प्राकृतिक सौंदर्य से भी ज्यादा बौद्धमठ महत्वपूर्ण होते हैं। पेमयांग्तसे, ताशिदिंग, रूमटेक, फोडांग, दॉ-दरूल, ऐन्वे, रालांग तथा फेन्सांग जैसे मठ ज्यादा लोकप्रिय हैं जिनमें कि विभिन्न देवताओं तथा मूर्तियों व चित्रकारी के दर्शन होते हैं। नमिंग्म्पा संप्रदाय से संबद्ध पेमयांग्से मठ प्रमुख होने के साथ ही सर्वाधिक लोकप्रिय मठ भी है। साढ़े तीन सौ वर्ष पुराना यह मठ लगभग छह हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित है। सिक्किम के प्रथम नरेश चोग्याल फुंतसोग नामग्याल के काल में स्थापित इस मठ में अतीत में सिर्फ अग्रणी जाति के लोगों को ही दर्शन करने की इजाजत थी। लेकिन आज किसी भी प्रकार की कोई बंदिश नहीं है, कोई भी सैलानी इस मठ के दर्शन कर सकता है।

राजधानी से 25 किलोमीटर की दूरी पर स्थित रूमटेक मठ अराधना का स्थल होने के साथ ही बौद्ध धर्म शिक्षा का प्रमुख केन्द्र भी है। यहां की परंपरागत शैली में बना यह विशाल मठ कारग्यद संप्रदाय से संबद्ध है। आवासीय घरों के बीच बना यह रूमटेक मठ दूर से नेकलेस में चमचमाते मोतियों-सा आभास देता है। जैसे ही आप मठ के पास पहुंचेंगे तो आपको हवा में फहराते रंग-बिरंगे झंडे आपका स्वागत करते हुए लगेंगे। यहां आने पर आपको लामाओं की तीन पीढ़ियां बाल, युवा और बुजुर्ग को एक साथ देखने और मिलने का अवसर प्राप्त होगा। इन लामाओं के बारे में सर्वविदित है कि इनका जीवन कठोर परन्तु संयत और अनुशासनबद्ध होता है। यहां दो मठ 'दा-दारूल', और 'ऐन्चे मठ' तो विशेष रूप से दर्शनीय हैं। 45 साल पुराना यह मठ अपनी दिलकश वास्तुकला के कारण आपके दिल को तो मोहता ही है साथ ही सफेद रंग का यह मठ आकाश से बातें करता हुआ भी दिखाई देता है। त्यौहारों के दिनों में खासकर, अक्टूबर से दिसम्बर तक के महीनों में इन मठों में सैलानियों और श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा सकती है। इन दिनों में ताशिदिंग, रूमटेक और ऐन्वे मठों में लामा लोग बाघ, शेर और अन्य जंगली जानवरों के मुखौटे लगा कर और खास प्रकार की पोशाकें पहन कर नृत्य करते हैं। बौद्ध धर्म में विशेष स्थान प्राप्त सिलिंडरनुमा प्रार्थना चक्र को स्थानीय भाषा में मणि-ल्हाकोर कहा जाता है। इस 108 चक्र में हर चक्र पर धार्मिक सूक्तियां और मंत्रादि लिखे रहते हैं। सैलानी बड़ी श्रद्धा के साथ इन्हें घुमाते हैं क्योंकि ऐसा कहा जाता है कि इन प्रार्थना चक्रों को घुमाने से बौद्धिसत्व की प्राप्ति होती है। वैसे तो भारत में विलय के बाद सिक्किम ने तेजी के साथ आधुनिकता की ओर कदम बढ़ाये, लेकिन यहां यह कहने में कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी कि आधुनिकता की इस अंधी दौड़ में भी सिक्किम ने अपनी पुरातन पहचान को कायम रखा है। आज जिस प्रकार हर राज्य अपने कायाकल्प करने के चक्कर में पुरातन महत्व की चीजों की ओर ध्यान नहीं दे रहा है वहीं इस संदर्भ में सिक्किम को इसका अपवाद भी कहा जा सकता है।

**ट्वीट वार...** मैच में कप्तान के साथ हुई तनातनी के बाद जडेजा ने किया ट्वीट- कर्मा आपके पास वापस आता है, आज नहीं तो कल...

# धोनी-जडेजा विवाद में राविबा की हुई एंट्री, ट्वीट से मचा बवाल



**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स के स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा एक बार फिर से विवादों में आते हुए नज़र आ रहे हैं। दिल्ली कैपिटल्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेले गए मुकाबले के बाद धोनी और जडेजा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया। इस वीडियो में दोनों खिलाड़ी एक-दूसरे से बहस करते हुए दिख रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद जडेजा ने ऐसा ट्वीट किया है जिसके पीछे की वजह समझ में नहीं आ रही है। इस ट्वीट पर जडेजा को उनकी पत्नी रिवाबा का साथ मिला है।

दरअसल, शनिवार को सीएसके ने दिल्ली कैपिटल्स को 77 रन के बड़े अंतर से मात देकर प्लेऑफ का टिकट हासिल किया। इस मैच में जडेजा का परफॉर्मेंस काफी खराब रहा और उन्होंने चार ओवर की गेंदबाजी में 50 से ज्यादा रन खर्च कर दिए। ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि इसी बात को लेकर धोनी और जडेजा के बीच बहस देखने को मिली।

### जडेजा के बाद पत्नी ने किया ट्वीट, तुम्हें अपने रास्ते को फॉलो करना चाहिए..

ये विवाद रविवार को बेहद गहराया गया है। जडेजा ने रहस्यमयी ट्वीट करते हुए लिखा, कर्मा आपके पास वापस आता है। आज नहीं तो कल, लेकिन ये बात पक्की है कि वो वापस आएगा। जडेजा की पत्नी रिवाबा की ओर से इस बात पर प्रतिक्रिया दी गई है। रिवाबा ने जडेजा की बात का समर्थन करते हुए लिखा, तुम्हें अपने रास्ते को फॉलो करना चाहिए।

### पहले भी ट्वीट को लेकर रहे विवादों में

हालांकि यह पहला मौका नहीं है, जब रवींद्र जडेजा का कोई ट्वीट विवादों में आया है। पिछले साल सीएसके और जडेजा के बीच रिश्ता काफी खराब गया था। मीड सीजन में ही रवींद्र जडेजा को कप्तानी से हटा दिया गया था। इसके बाद जडेजा ने सोशल मीडिया हैंडल से सीएसके के साथ जुड़ी हुई सभी यादों को मिटा दिया था। 15वें सीजन की नीलामी से पहले तक इस बात के कयास लगाए जा रहे थे कि रवींद्र जडेजा सीएसके का साथ छोड़ देंगे। ऐसा नहीं हुआ और जडेजा इस साल भी सीएसके की ओर से ही खेलते हुए नज़र आ रह हैं।

आस्था
राजेश पांडे

# ग्राम देवता के रूप में पूजे जाते हैं परगनिहा बाबा



छत्तीसगढ़ अंचल के ग्रामीण अंचल में पग-पग पर देवी-देवता विद्यमान रहते हैं, जिनकी कोई न कोई विशेषता अवश्य रहती है। इसलिए इन देवी-देवताओं में घर या गांव में मांगलिक कार्य होने पर इन देवी-देवताओं की सर्वप्रथम पूजा-अर्चना की जाती है। छत्तीसगढ़ में उसे परघना कहा जाता था, यह शब्द धीरे-धीरे परिवर्तित होकर परघनिया हो गया। यहां तक कि विवाह के समय शादी के बाद डोला लाते थे तो डोला से उतरकर परघनिया बाबा की पूजा-अर्चना करने के बाद आगे बढ़ते थे और गांव पहुंचते थे। इसी तरह के देवी-देवताओं से युक्त मंदिरों की अधिकता मल्हार में देखी जाती है। मल्हार ग्राम की सीमा के पास एक खैया सरोवर है, जिसके टीले पर एक मंदिर निर्मित है, जिसे स्थानीय जन परगनिहा बाबा के नाम से जानते हैं। वास्तव में यह महावीर स्वामी की प्रतिमा है, जिसे ग्राम के लोग ग्राम देवता के रूप में पूजते हैं। दोनों नवरात्रि पर्व पर यहां ज्योति कलश प्रज्जवलित की जाती है। मंदिर के अंदर बंदन रंग में यह विशालकाय प्रतिमा है जिसकी ऊंचाई 15 फीट है। बताया जाता है कि पहले इस मंदिर में बलि प्रथा का चलन रहा है, लेकिन काफी समय से इस प्रथा का चलन बंद हो चुका है। के दीवारों पर चारों तरफ अन्य प्रतिमाएं हैं। बुढ़ीखार ग्राम के आसपास में प्रचुर मात्रा में कई खंडित प्रतिमाएं अभी भी हैं, जो जैन तीर्थंकर संप्रदाय के लोगों से संबंधित हैं। मंदिर के चारों ओर का वातावरण रमणीय है तथा वर्ष भर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन इस मंदिर में होते रहते हैं।

पुस्तक समीक्षा

## छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक कोश




कृति के नाव: छत्तीसगढ़ सांस्कृतिक कोश
कृतिकार: डा. गीतेश अमरोहित
समीक्षक: लाल जी साहू
प्रकाशक: वैभव प्रकाशन, रायपुर
कीमत: चार सौ रूपए

छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहरों को सहेजकर जन समक्ष लाने का प्रयास करें तो पता चलता है कि हमारी यह विरासत को आसानी से सहेज पाना कोई सरल काम नहीं हैं। तथ्यों और प्रमाणों के आधार पर अनुमान लगाया जा सकता है कि इस अंचल का वैभव गौरवमयी इतिहास को अपने में समेटे हुए हैं। इसी प्रमाणिक तथ्यों को जन समक्ष लाने का काम लेखक ने यहां किया है। आपने ऐतिहासिक संदर्भ, पुरातात्विक महत्व के स्थल, यहां के जनजातियों का सामाजिक व सांस्कृतिक परिचय, यहां के व्यंजन, भित्ति और अनुष्ठानिक चित्रांकन, आंचलिक तीज त्योहार, खेल, आभूषण, मड़ई-मेले, जनजातीय संस्कार, वाद्य यंत्र, मित-मितानी परंपरा, नृत्य, संस्कार गीत, हस्त शिलप, लोक गाथा व संबंधित विषय-वस्तु को अपनी पुस्तक में स्थान दिया है। सरल रूप में आम जन इस पुस्तक का लाभ ले सके, इस उद्देश्य से लेखक ने इस पुस्तक का लेखन किया है। आशा है पाठकों के साथ, छत्तीसगढ़ को जानने और समझने वाले लोगों के लिए यह पुस्तक उपयोगी साबित होगी।



अपन कला के माध्यम से नाम कमाने वाला कलाकार रिहिन धुरवाराम मरकाम। आप मन लोकमंच के संस्था दूध मोंगरा गंडई के टीम के गायक कलाकार रेहेव। ऐकरे संग अपन लोक मंच संस्था मया के फूल में घलो अपन गायकी के रंग बगराएव। आप मन आकाशवाणी रायपुर के गायक कलाकार घलो रेहेव। आप मन अपन कलाकारी के प्रस्तुति रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर, नागपुर, बालाघाट, चंडीगढ़, लुधियाणा सहित अउ कतको बड़े शहर म दे रेहेव। आपके गोसइन दुखियाबाई मरकाम घलो लोक गायिकी के क्षेत्र म बड़ नाव कमइन। आप दूनों झन के गाए गीत मन कालजई हो गेहे।

# कालजई होगे धुरूवाराम मरकाम के गाए गीत

जीवन भर गरीबी अउ अभाव के बीच अपन कला के माध्यम से नाम कमाने वाला कलाकार रिहिन धुरवाराम मरकाम। आप मन लोकमंच के संस्था दूध मोंगरा गंडई के टीम के गायक कलाकार रेहेव। ऐकरे संग अपन लोक मंच संस्था मया के फूल में घलो अपन गायकी के रंग बगराएव। आप मन आकाशवाणी रायपुर के गायक कलाकार घलो रेहेव। आप मन अपन कलाकारी के प्रस्तुति रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर, नागपुर, बालाघाट, चंडीगढ़, लुधियाणा सहित अउ कतको बड़े शहर म दे रेहेव। आपके गोसइन दुखियाबाई मरकाम घलो लोक गायिकी के क्षेत्र म बड़ नाव कमइन। आप दूनों झन के गाए गीत मन कालजई हो गेहे। हबीब तनवीर के नवा थिएटर म घलो आप मन ल काम करे के मौका मिलिस। आप मन हबीब तनवीर के नाटक हिरमा के कहानी, मिट्टी के गाड़ी अउ चरनदास चोर में घलो काम करेव। धुरवाराम मरकाम के रूझान छत्तीसगढ़ी लोकगीत, करमा, ददरिया, नचौड़ी गीत म जादा रिहिस। आप मन के पुन्नी के चंदा, दुखिया के मया, अमरइया, कइसे भेजवं संदेश अउ जसगीत के कैसेट घलो बने हवय। अतका ही नहीं अंचल के ख्याति प्राप्त कलाकार मन संग आप मन ल अपन कला प्रस्तुति के मौका मिलिस। आज आप मन जइसे समर्पित कलाकार के अभाव देखे जात हे। आपके लगन देखे ल मिलिस कि 1987 में 18 दिसंबर के दिन एकलौता लइका के इंतकाल होय ले दिन में ओकर क्रियाकरम करे के बाद रतिहा गुरू घासीदास जयंती के अवसर म राजेन्द्र नगर रायपुर म अपन कार्यक्रम दे रेहेव। आप मन अपन जीवन के आखरी सांस तक कला जीवन ल छोड़ेव। अइसे लगत रिहिस जइसे कला में ही आप मन के परान बसत रिहिस होही। आप मन के कला जीवन के समर्पण के सीख नवा कलाकार मन ल लेना चाही, जेकर ले हमर अंचल के लोककला के अस्तित्व ह बने रहाय।






सुरता : उमाशंकर कोशी

# रियासत काल में कवर्धा का सांगीतिक योगदान



कला जगत : डा. अर्चना पाठक

छत्तीसगढ़ के तात्कालीन रियासत कवर्धा में सितार एवं सारंग बनाने की जानकारी, तात्कालीन लेखक धानूलाल श्रीवास्तव के ग्रंथ अष्टराज अंभोज से होती है। कवर्धा रियासत में तात्कालीन परिस्थितियां संगीत के प्रचार प्रसार के लिए अनुकूल थी। उस समय घर घर में सितार बजाया जाता था। प्यारेलाल बढ़ई उत्तम सितार एवं सारंगी निर्माण में सिद्धहस्त थे। प्यारेलाल बढ़ई द्वारा निर्मित सितार अभी भी कई घरों में मौजूद हैं। यह व्यवस्था संगीत की उन्नत अवस्था की पुष्टि करता है, किसी भी वाद्य यंत्र का निर्माण, जानकार और कुशल कारीगरों के द्वारा ही किया जाता है क्योंकि संगीत के वाद्य यंत्रों में विशेष रूप से कार्य कुशलता एवं निपुणता की आवश्यकता होती है। उस समय जन सामान्य में संगीत का प्रचार प्रसार था और संगीत तथा वाद्य वादन के प्रति लोगों में रूझान था।समाज के विशिष्ट व्यक्तियों एवं जनसामान्य में भी सितार वादन के प्रति रूचि होने के संकेत प्राप्त होते हैं। इसलिए कवर्धा में उस समय सितार एवं सारंगी बनाए जाने के साथ साथ खरीदे और बेचे जाने का विवरण प्राप्त होता है। कारीगरों द्वारा सितार और सारंगी बनाने की प्रक्रिया निरंतर जारी थी। सांगीतिक संगोष्ठियों का आयोजन, दरबार से जुड़ाव की अपेक्षा, भक्ति संगीत से आत्मिक जुड़ाव अधिक था, इसलिए रासलीला, रामलीला और धार्मिक भजनों की प्रस्तुति छत्तीसगढ़ के तत्कालीन संगीत वैभव की जानकारी देता है।

# महापाषाणीय स्मारकों में गंडजीवों के साक्ष्य



पुरातात्विक : आचार्य मोतीरावण

छत्तीसगढ़ के विभिन्न अंचलों में आदिवासी संस्कृति और परंपरा के अनेक प्रमाण मिलते रहते हैं। इनकी इस समृद्ध परंपरा में पुरातात्विक स्थल, मंदिर, पाषाण, प्राचीन सिक्के, शैलचित्रों का अंकन और देवी-देवताओं को मनाने के साक्ष्य देखे जाते हैं। आज भी अनेक साक्ष्य सर्वेक्षण के दौरान पुरातत्ववेत्ताओं को मिलते हैं। इसी तरह के इनके समृद्ध इतिहासों में दुर्ग जिले के कन्ही भंडार, काबरा हाट, चिरचोरी, धनोरा, मुजगहन, सोरर आदि स्थलों से पुराविदों को महापाषाणीय स्मारक प्राप्त हुए हैं, जो इस बात के प्रमाण हैं कि इस परिक्षेत्र में अनादि काल से कोया वंशीय गोंड समुदाय के गंडजीवों की सांस्कृतिक केन्द्र बिन्दु रहा है। यहां के टीलों पर स्थित संभु महादेव के देवालय इस साक्ष्य को व्यक्त करते हैं कि वे सभी पंच (मिट्ठू), गंडचिन्ह धारक राजाओं की नगरी थी। जिनका गंड चिन्ह मिट्ठू यानि सीरीसतवा था। उसी सीरीसतवा के पुरी को सिरीपुर या सिरपुर कहा गया। रतनपुर में कछुआ, पालमूरा, (दूध गाय), कटचुरी (सेई) सिरपुर में कटचुरी और भोरमदेव गढ़ में नाग गंडचिन्ह धारक कोया वंशीय गोंड समुदाय के गंडजीवों के राजाओं का राज्य था। उक्त स्थलों में जो पुरावशेष विद्यमान हैं उनसे यह ज्ञात होता है कि वहां के गंड राजाओं ने सभी धर्मियों को राजाश्रय प्रदान किया, वे धार्मिक सहिष्णुता के केन्द्र थे।

लोक साहित्य
उर्मिला शुक्ल

# छत्तीसगढ़ी साहित्य में काव्योपाध्याय का योगदान

1861 में भारत में पुरातत्व के सर्वे का कार्य प्रारंभ हुआ। इसके प्रथम निर्देशक जनरल एलेक्जेंडर कनिंघम थे। इनके निर्देशन में विद्वान अधिकारियों ने देश के अनेक क्षेत्रों की यात्राएं की और पुरातात्विक जानकारियों के साथ साथ जनपदीय बोलियों तथा लोक साहित्य को एकत्रित किया। इस सर्वे में छत्तीसगढ़ी साहित्य के आधार माने जाने वाले राय बहादुर हीरालाल काव्योपाध्याय द्वारा संकलित कथा गीतों और किवंदतियों को भी महत्वपूर्ण स्थान दिया।

ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन की समाप्ति के पश्चात सन 1861 में भारत में पुरातत्व के सर्वे का कार्य प्रारंभ हुआ। इसके प्रथम निर्देशक जनरल एलेक्जेंडर कनिंघम थे। इनके निर्देशन में विद्वान अधिकारियों ने देश के अनेक क्षेत्रों की यात्राएं की, और पुरातात्विक जानकारियों के साथ साथ जनपदीय बोलियों और लोक साहित्य को एकत्रित किया। बेगलर, रिचर्ड टेम्पल, जे एस फ्लीट ने इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किए। इस सर्वे में एस एस वाडिया और पुतली के साथ साथ छत्तीसगढ़ी साहित्य के आधार माने जाने वाले राय बहादुर हीरालाल काव्योपाध्याय द्वारा संकलित कथा गीतों और किवंदतियों को भी महत्वपूर्ण स्थान दिया। आपने कई लोकगाथाओं का अंग्रेजी अनुवाद किए। इसी तरह ढोलामारू की कथा को हीरालाल काव्योपाध्याय ने 'ढोला के कहिनी' नाम से अंग्रेजी में 1890 में प्रकाशित किया, तथा बिलासपुर से जुड़ी केवटिन की कथा और लोरिक चंदा का संकलन भी उन्होंने किया। मगर कनिंघम के सहयोगियों ने उत्तर भारत या दक्षिण भारत के सर्वे के दौरान जिस तरह वहां के लोक साहित्य को संकलित किया, उस तरह का सर्वे कार्य छत्तीसगढ़ में नहीं किया। हीरालाल काव्योपाध्याय द्वारा अन्य लोक गाथाओं की भी जानकारी मिलती है। इस दृष्टि से छत्तीसगढ़ी लोक साहित्य के संग्रहण में हीरालाल काव्योपाध्याय की भूमिका महत्वपूर्ण है।



# तथ्यों से भरा खैरागढ़ के निकट पाड़ादाह

ऐतिहासिक : शंकर पांडे



सुहागपुर-लुधियाना-पंजाब से 18 वीं शताब्दी में वैष्णव बैरागी साधुओं की मंडली जगन्नाथपुरी जाते समय छत्तीसगढ़ से गुजरी और रतनपुर में पड़ाव डाला। इनके मुखिया महंत प्रहलाद दास हस्तरेखा तथा ज्योतिष विद्या के ज्ञाता थे। उन्होंने रतनपुर की देवी मंदिर में कुछ लोगों का भविष्य भी बताया। तब तात्कालीन मराठा राजा बिंबाजी भोंसले भी उनसे मिलने पहुंचे और प्रभावित होकर कुछ गांव देने का आग्रह कर यही बसने का निवेदन किया। परंतु उन्होंने इंकार कर दिया किन्तु मंडली में शामिल कुछ जड़ी बूटी के जानकार साधुओं ने जड़ी-बूटी की बहुतायत वाली पाड़ादाह और वहां के जंगल लेने का आग्रह किया और महंत ने बिंबाजी से पाड़ादाह (खैरागढ़ के निकट) प्राप्त कर ली। इसी समय से यहां महंत परंपरा का निर्वहन किया जा रहा है।

# भारतीय जनता पार्टी मंडल रामनगर की कार्यसमिति की बैठक

प्रखर रामनगर वाराणसी। भारतीय जनता पार्टी मंडल रामनगर की कार्यसमिति बैठक आज दिनांक 24 मई 2023 दिन बुधवार सुबह 11:00 बजे टेंगरा मोड़ स्थित संत विनोबा भावे बंगाली भाई पैलेस में आहूत की गई जिसमें बैठक की अध्यक्षता मंडल अजय प्रताप सिंह ने किया बैठक में के मुख्य अतिथि के रूप में महानगर अध्यक्ष आदरणीय श्री विद्यासागर राय जी उपस्थित रहे तथा संचालन महामंत्री अभिषेक कुमार सिंह पटेल ने किया। बैठक आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए सिर्फ नेतृत्व द्वारा दिए गए कार्यक्रमों को सुचारू रूप से करने का मंत्र आदरणीय विद्यासागर जी ने दिया महानगर अध्यक्ष जी ने कहा कार्यकर्ता संगठन के रीढ़ होते है आप जैसे कार्यकताओं के परिश्रम से देश के यशश्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की बढ़ती प्रसिद्धि और शक्ति को पूरी दुनिया देख रही है दुनिया अब भारत की शक्ति और उसकी मजबूत होती अर्थव्यवस्था में स्वयं के लिए भी अवसर तलाशने को




प्रयासरत है माननीय प्रधानमंत्री जी जिस देश में जा रहे हैं वहां के राष्ट्राध्यक्षो द्वारा सभी प्रोटोकॉल तोड़कर उनकी अगवानी की जा रही है जो देश के लिए गौरव का भी विषय है साथ हे उन्होंने शिर्ष नेतृत्व द्वारा दिए गए कार्यक्रम पर चर्चा करते हुए जगतपुर डिग्री कॉलेज मैदान पर होने वाली जनसभा पर अधिक से अधिक लोगों को पहुंचने का आह्वान किया। बैठक में प्रमुख रूप से महानगर उपाध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी मधुर चित्रांशी महानगर मंत्री डॉ अनुपम गुप्ता जी पूर्व सभासद नंदलाल चौहान शैलेंद्र किशोर पांडे विनोद पटेल महेश पटेल कंचन निषाद भूपेंद्र साहू सुरेंद्र नाथ श्रीवास्तव अविनाश चौहान धीरेंद्र प्रताप सिंह कन्हैया लाल श्रीवास्तव अरुण कुमार आलोक सिंह विवेक सिंह अमन पासवान संजय वाल्मीकि दुर्गा साहनी अर्चना सिंह संतोष श्रीवास्तव श्याम सेठ सुनील श्रीवास्तव प्रशांत राय अंकित राय मिथिलेश सिंह गोपाल जलान पीयूष गुप्ता आयुष तिवारी नरसिंह मौर्य कैलाश कुशवाहा सुजीत पाठक विकास बघेल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## ग्राम प्रधान संघ जिलाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने वाराणसी जिले के आठो ब्लाक अध्यक्षो व ग्राम प्रधानों के साथ वाराणसी पुलिस आयुक्त मुथा अशोक जैन से मिलकर सौंपा पत्रक



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। जिलाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह प्रधानसंघ वाराणसी के नेतृत्व में वाराणसी जिले के आठो ब्लाक अध्यक्षो व ग्राम प्रधानों के साथ 24 मई 2023 बुधवार को जिला मुख्यालय पर वाराणसी पुलिस आयुक्त मुथा अशोक जैन से मिलकर सौंपा पत्रक` जिलाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने कहा की ग्राम प्रधान चन्दापुर पति कुमेश के खिलाफ विपक्षियों के मिलीभगत से चन्दापुर चौकी इंचार्ज के गलत सूचना पर थानाध्यक्ष चोलापुर से ग्राम प्रधान पति कुमेश के उपर निम्न धाराओं में 498ए, 304बी, 201,3,4 मुकदमा पंजीकृत विपक्षियों के मिलीभगत से कराया गया इसी सन्दर्भ वाराणसी जिले के आठों ब्लाक के प्रधान पुलिस आयुक्त से मिलकर सारी बातो से अवगत कराया गया`ग्राम प्रधान संघ जिलाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने कहा की निष्पक्ष विवेचना कराकर ग्राम प्रधान पति के खिलाफ मुकदमा वापस किया जाये यदि निष्पक्ष जांच नहीं होता है तो 10 जून 2023 को पुलिस आयुक्त कार्यालय के सामने जिले के समस्त ग्राम प्रधान के साथ मुँह में काला पट्टी बांधकर अनशन पर बैठेगें` यह अनसन जब तक प्रधानपति कुमेश के साथ न्याय नहीं होगा, तबतक क्रमशः अनसन अनिश्चित काल तक जारी रहेगा। जिलाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में ग्राम प्रधान रामआसरे मौर्य, रविन्द्र कुमार, ओमप्रकाश, सोनू सिंह, ब्लाक अध्यक्ष नितिन सिंह, जिला महामंत्री मधुवन यादव, जिला उपाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, बेचूराम चौहान, केशव पटेल, रवि कुमार, आशीष, सकील अहमद, राजेश सिंह, लालबहादुर पटेल, रामसूरत यादव, राजू तिवारी, विनोद पाण्डेय सहित इत्यादि ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

## बघवानाला क्षेत्र में रात में हो जाती है बिजली ट्रिप

### पार्षद की धमकी पर जर्जर तारों को बदलने का कार्य शुरू

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। पांडेयपुर क्षेत्र के बघवानाला में स्थित सैकड़ों घरों की बिजली ट्रिप हो जाने से भारी समस्याओ का सामना करना पड़ रहा है ट्रिपिंग की वजह से इस भीषण गर्मी में जहां लोग गर्मी से बेहाल है वही जलापूर्ति के लिए भी लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है रात के समय जर्जर केबल में आग लग जा रही है जिसके कारण शॉर्ट सर्किट से विद्युत आपूर्ति ब्रेक हो जा रही है इस संबंध में हुकूलगंज के पार्षद बृजेशचंद्र श्रीवास्तव ने एसडीओ पांडेयपुर से मिलकर समस्या से अवगत कराते हुए चेतावनी दी कि बघवानाला मंदिर पर एक ट्रांसफार्मर लगाने के साथ जर्जर केबल भी बदल दिया जाय



और हुकुलगंज अन्तर्गत जिन गलियों में एबी केबल जर्जर अवस्था में हो उन्हें तत्काल बदला जाए नहीं तो हम लोग धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। इस सबंध में पूछने पर एसडीओ पांडेयपुर अरविंद यादव ने बताया कि बघवानाला मार्ग पर एबी केबल बदलने का काम शुरू हो गया है और साथ ही अन्य स्थानों पर भी जर्जर एबी केबिल को बदल दिया जाएगा इस समय गर्मी और लोड बढ़ने की वजह से ऐसी समस्या आ रही है। इसके अलावा क्षेत्र में कहीं भी बिजली संबंधी कोई समस्या नहीं है फ्यूज उड़ने की वजह से कुछ देर के लिए विद्युत आपूर्ति ब्रेक होती है फिर बहाल कर दी जाती है।

## पिस्टल लहराते हुए अपराधी का वीडियो हुआ वायरल, घटना पुलिस संज्ञान में

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। कासिमाबाद थाना क्षेत्र में कुर्सी पर बैठा शातिर बदमाश हाथ में असलहा लहराते हुए किसी को धमकाते नजर आ रहा है। खुलेआम असलहा लहराते हुए वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने संज्ञान में लेते हुए केस दर्ज कर कार्रवाई में जुटी हुई है। बताया जा रहा है कि अपराधी हत्या के मामले में 4 वर्ष तक जेल में रहा है। और लगभग 4 महीने पहले ही जमानत पर जेल से बाहर आया हुआ है। इस मामले में पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया की वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। छानबीन में यह तथ्य सामने आया है कि वीडियो में



धमका रहा शख्स कुछ माह पूर्व हत्या मामले में 4 साल जेल में रहने के बाद जमानत पर बाहर आया है। वीडियो की तहकीकात की जा रही है। साथ ही उसकी जमानत निरस्त कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार बरेसर थाना क्षेत्र के डाही के ग्राम प्रधान जयप्रकाश राम उम्र 35 वर्ष को 23 अगस्त 2017 की शाम अलावलपुर चट्टी पर खुलेआम रंगदारी न देने पर गोली मार दी गई थी। इलाज के दौरान 10 सितंबर को वाराणसी में मौत हो गई थी। इस मामले में सोनू सिंह पहलवान निवासी डाही को जेल भेजा गया था। जो कुछ माह पूर्व जमानत पर बाहर आया है और वायरल वीडियो इसी व्यक्ति का बताया जा रहा है।

## विधायकी रद्द मामले में आजम खां बरी, क्या बहाल होगी विधायकी?



प्रखर डेस्क/एजेंसी। समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता को एमपी एमएलए कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने उनको नफरती भाषण देने के मामले में बरी कर दिया है। कोर्ट ने मामले में 27 अक्टूबर 2022 को आजम खान को 3 साल की सजा सुनाई थी। जिसके बाद उनकी विधायकी चली गई थी। इस सजा के खिलाफ आजम खान सेशन कोर्ट में अपील की बुधवार को मामले की सुनवाई एमपी एमएलए कोर्ट सेशन ट्रायल में हुई। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद आजम खान को नेफरती भाषण देने के आरोप से मुक्त कर दिया। कोर्ट ने मजिस्ट्रेट ट्रायल की कोर्ट के फैसले को रद्द कर दिया। कोर्ट ने इस मामले में 70 पेज में अपना फैसला सुनाया है। जिसमें सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के फैसले का उल्लेख किया गया है। कोर्ट के फैसले से आजम खान को बड़ी राहत मिली है। लेकिन उनकी विधायकी बहाल होने में संदेह बरकरार है। क्योंकि छजलैल प्रकरण के मुकदमे में भी मुरादाबाद की कोर्ट ने आजम खान और उनके बेटे को 3 साल की सजा सुनाई थी। जिसके बाद अब्दुल्ला की विधायकी चाकी गई थी। ऐसे में आजम की विधायकी बहाल होना मुश्किल लग रहा है।

## जन सुनवाई हेतु 26 मई को किया जायेगा ग्राम चौपाल का आयोजन

प्रखर मिजार्पुर। आयुक्त ग्राम्य विकास ने ग्राम चौपाल का आयोजन किये जाने का निर्देश दिया गया। उक्त के तहत दिनांक 26 मई 2023 को विधानसभा मझवा के विकास खण्ड पहाड़ी में ग्राम पंचायत जौसरा, तोसवां विकास खण्ड मझवा में जमुआ, जमुआरी, विधानसभा मझवा विकास खण्ड सिटी के ग्राम अरगजा पाण्डेय, विजनयपुरा विधानसभा नगर के विकास खण्ड कोन में बल्लीपरवा, तिलटी विधानसभा छानबे विकास खण्ड छानबे के ग्राम पंचायत मिश्रपुर, चितौली, विकास खण्ड लालगंज में रेही, तुर्कहा, विकास खण्ड हलिया में लोहराव, सुबावकला, विधानसभा मड़िहान विकास खण्ड पटेहरा कला में रैकरा, पड़रिया खुर्द विकास खण्ड राजगढ़ में राजापुर, दारानगर, विधानसभा मड़िहान/चुनार में नरायनपुर गरौड़ी, भौरही, विधानसभा चुनार विकास खण्ड जमालपुर में बहुआर, घरवाह, विकास सीखड़ में मेड़िया एवं खानपुर में चौपाल का आयोजन किया जायेगा। ग्राम चौपाल हेतु चयनित ग्राम पंचायत को मा0 सांसद/मा0 विधायकगण के सुझाव के अनुसार परिवर्तन सम्भव हैं।

## भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक संपन्न, नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को मंडल कार्यसमिति ने किया सम्मानित



प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। भारतीय जनता पार्टी अहरौरा मंडल कार्यसमिति की बैठक नगर स्थित जयहिंद विद्या मंदिर इंटर कालेज के नेता जी सुभाष चंद्र बोस सभागार मे हुयी,जिसमे बतौर मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र नरायन सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जून महीने मे संचालित होने वाले सांगठनिक कार्यो को सफल बनाने के लिए उपस्थित कार्यकताओं का आवाहन किया, तत्पश्चात नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को मंडल कार्यसमिति ने सम्मानित किया गया, अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष महेन्द्र अग्रहरि ने किया बैठक में मौजूद रहने वाले प्रमुख कार्यकताओं मे श्याम लाल सोनकर रमेश बहेलिया जयकिशन जायसवाल उमेश केशरी कृष्णा तिवारी मनोज सोनकर रमेश पटेल बालगोविंद सिंह श्वेता श्रीवास्तव संतोष सिंह पटेल नागेन्द्र बहादुर सिंह वेदप्रकाश भारती श्वेता सिंह आनंद अग्रहरि प्रमोद मौर्या मयंक जायसवाल प्रेम केशरी सीमा सोनकर विनोद चौहान संजय पटेल रामदुलारे पटेल अशोक मौर्या जयप्रकाश भारती सहित शक्ति केंद्र प्रमुख गण मंडल कार्य समिति सदस्य गण बूथ अध्यक्ष गण आदि कार्यकर्ता रहे।

## मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में शक्तिनगर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, सोनभद्र की 48वीं बोर्ड की बैठक सम्पन्न

प्रखर मिजार्पुर। मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी0 की अध्यक्षता में आयुक्त सभागार, में शक्तिनगर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, सोनभद्र की 48वीं बोर्ड बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहें। बैठक में अध्यक्ष, डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी0 द्वारा साडा के विकास कार्यों के लिये इस वर्ष निर्धारित बजट में संशोधन करते हुये वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिये निर्धारित बजट स्वीकृत किया। साडा द्वारा विगत वित्तीय वर्ष में कराये जा रहे निर्माण/विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्वक यथाशीघ्र पूर्ण कराने हेतु सचिव-साडा, सहदेव कुमार मिश्र को निर्देशित किया गया। वित्तीय वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत साडा वित्त पोषण के तहत कराये जाने वाले प्रस्तावित कार्यों पर विचार करते हुये



जिलाधिकारी, सोनभद्र को प्रस्तावित कार्यों का परीक्षण करते हुये तदोपरान्त ही कार्यो को अगली बोर्ड बैठक में रखने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में साडा बोर्ड के सदस्य धर्मवीर तिवारी ने तड़ित चालक यंत्र लगाकर आकाशीय बिजली से लोगों की जान बचाने की मांग की। इस पर आयुक्त डा0 मुथुकुमारस्वामी बी0 द्वारा उक्त कार्य पर पहल करने के लिये निर्देशित किया गया। साडा परिक्षेत्र की महायोजना के सम्बन्ध में आलोक सैनी, परियोजना निदेशक द्वारा महायोजना की प्रगति से अवगत कराते हुये प्रोजेक्टर द्वारा रिप्रजेंटेसन किया जिस पर आयुक्त द्वारा कुछ सुझाव देते हुये महायोजना में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा यथाशीर्घ महायोजना का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी सोनभद्र चन्द्र विजय सिंह, अपर जिलाधिकारी सोनभद्र सहदेव मिश्र, मुख्य कोषाधिकारी अर्चना त्रिपाठी, उपनिदेशक, अर्थ एव संख्या रजनीश, सहयुक्त नियोजक, वाराणसी, आर0के0 उडयन एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं सभासद 27 मई को लेंगे पद एवं गोपनीयता की शपथ

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने बताया है कि नगर विकास अनुभाग-1 लखनऊ द्वारा नगर निगमों/नगर पालिका परिषदों/नगर पंचायतो में नवनिर्वाचित महापौरो/ पार्षदो/ अध्यक्षों एवं सदस्यों का शपथ ग्रहण किये जाने हेतु दिनांक 26.05.2023 एवं 27.05.2023 को तिथि निर्धारित किया गया है। जनपद के नगर पालिका परिषदो/नगर पंचायतो में नवनिर्वाचित अध्यक्षों एवं सदस्यों को शपथ ग्रहण कराये जाने हेतु नगर पालिका अधिनियम के अनुसार अधिकारी नामित किये गये है। जिसमें नगर पालिका परिषद गाजीपुर का निर्वाचित अध्यक्ष/सदस्य का शपथ ग्रहण स्थान गॉधीपार्क आमघाट में 27.05.2023 को साय 04:00 बजे जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किया जायेगा। इसी क्रम में नगर पालिका परिषद जमानियॉ का स्थान रामलीला मैदान तहसील जमानियॉ में 27.05.2023 को साय 04:00 बजे उपजिलाधिकारी जमानियॉ, नगर पालिका परिषद मुहम्मदाबाद का स्थान कार्यालय जलकल नं0-1 मु0बाद 27.05.2023 को 11:00 बजे उपजिलाधिकारी मोहम्मदाबाद , नगर पंचायत सादात स्थान नं0पं0 कार्यालय के पास स्थित रिक्त स्थान पर 27.05.2023 को 02:00 बजे उपजिलाधिकारी जखनियॉ, नगर पंचायत सैदपुर का स्थान नगर पंचायत सैदपुर कार्यालय के प्रांगण में दिनांक 27.05.2023 को साय 04:00 बजे उपजिलाधिकारी सैदपुर, नगर पंचायत दिलदारनगर का स्थान कुमार टाकीज दिलदारनगर में 27.05.2023 को 04:00 बजे उपजिलाधिकारी सेवराई, नगर पंचायत जंगीपुर का स्थान मण्डी समिति जंगीपुर में दिनांक 27.05.2023 को 02:00 बजे उपजिलाधिकारी सदर एवं नगर पंचायत बहादुरगंज का स्थान न0पं0 कार्यालय के पीछे रिक्त स्थान पर दिनांक 27.05.2023 को 11:00 बजे उपजिलाधिकारी कासिमाबाद की अध्यक्षता में शपथ ग्रहण कराया जायेगा। उन्होने समस्त सम्बन्धित अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया है कि शपथ ग्रहण कार्यक्रम की व्यवस्था सुनिश्चित करेगें एवं अपने स्तर से सम्बन्धित अध्यक्ष एवं सदस्य को शपथ ग्रहण के स्थान एव समय की सूचना भी यथाविधि देंगे। सम्बन्धित अधिशासी अधिकारी शपथ ग्रहण के उपरान्त सम्बन्धित प्रपत्र पर अध्यक्ष व सदस्य के हस्ताक्षर कराकर कृत कार्यवाही की सूचना से अधोहस्ताक्षरी को अवगत करायेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### जिले का नाम किया रोशन, आईएएस बनी 23 वर्ष की काजोल



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। तहसील सैदपुर क्षेत्र अंतर्गत राजापुर गांव के ग्राम प्रधान की भतीजी काजोल ने यूपीएससी की परीक्षा में 149 वां रैंक प्राप्त कर पूरे प्रदेश में जिले का सम्मान बढ़ाया है। काजोल की इस उपलब्धि पर उनके पैतृक गांव स्थित पुश्तैनी मकान पर परिवार वालों से मिलकर बड़ी संख्या में शुभकामना देने वालों का ताता मंगलवार की शाम से ही लगा हुआ है। राजापुर उर्फ आदापुर की रहने वाली काजोल ने यह सफलता मात्र 23 वर्ष की उम्र में अपनी पहले प्रयास में ही प्राप्त की है। काजोल के पिता अनिल कुमार लखनऊ में एडिशनल फूड कमिश्नर के पद पर तैनात हैं और माता किरण देवी ग्रहणी हैं वर्तमान में काजोल का परिवार लखनऊ में ही निवास करता है। काजोल की हाई स्कूल की पढ़ाई नैनीताल से, इंटर लखनऊ से तथा ग्रेजुएशन की पढ़ाई दिल्ली विश्वविद्यालय से हुई है। वर्तमान में वह जेएनयू दिल्ली से एमए की पढ़ाई कर रही है। काजोल का छोटा भाई वरुण कुमार इंग्लैंड में अध्यनरत है। काजोल के पैतृक गांव निवासी उनके चाचा ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार ने बताया की काजोल बचपन से ही प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण करने के दौरान से ही मेघावी रही है। उसकी इस सफलता पर पूरे गांव तथा क्षेत्र में खुशी का माहौल है ग्रामवासी और शुभचिंतक घर पर लगातार काजोल की इस सफलता के लिए शुभकामना व्यक्त कर रहे हैं।

### चिलचिलाती धूप में धरना

#### बच्चियों के गायब होने के विषय पर सामाजिक संस्थाएं गंभीर, निशुल्क विधिक सहायता का वादा




प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। वाराणसी कैंट स्टेशन से गुमशुदा राजस्थान व गाजीपुर की बच्ची के परिजन जो वरुणा शास्त्री घाट पर धरना दे रहें उनके समर्थन में किन्नर समाज अध्यक्ष सलमान जी और वाराणसी की सामाजिक संस्था दीक्षा महिला कल्याण एवं शोध संस्थान की अध्यक्ष संतोषी शुक्ला ,गुलिस्ता एकता किन्नर सेवा ट्रस्ट ,युवा फाउंडेशन, रोटी बैंक, शिवशक्ति सेवा फाऊंडेशन, आइडियल वूमेंस वेलफेयर सोसाइटी, निरंजना फाउंडेशन आदि सामाजिक संस्थाओं के कार्यकताओं ने जिसमें संतोषी शुक्ला, सलमान किन्नर, सनी सिंह ,सुषमा जायसवाल, सीमा चौधरी, प्रीति रवि जायसवाल, सरस्वतीजी पीड़ित राजस्थान से बच्ची के पिता उनके चाचा उनके रिलेटिव साथ गाजीपुर परिवार से बच्ची की मां पिता बड़ी बहन और छोटे दो भाई धरना में शामिल रहे। दीक्षा महिला कल्याण एवं शोध संस्थान की अध्यक्षा संतोषी शुक्ला द्वारा बताया गया कि पीड़ित परिवार की सभी संभव मदद की जाएगी, पीड़ित परिवार को संस्था के विधिक सलाहकार शशांक शेखर त्रिपाठी एडवोकेट के द्वारा निःशुल्क विधिक सलाह व सहायता दी जाएगी।

### सत्यदेव आईटीआई में हुआ 118 बच्चो का कैंपस सलेक्शन



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जनपद में तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रही सत्यदेव प्रा० आई०टी०आई० संस्थान में एक दिवसीय कैम्पस प्लेसमेंट कार्यक्रम मंगलवार को संपन्न हुआ क जिसमे लगभग 250 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया क गुजरात से आई टी०जी० मिण्डा, अहमदाबाद, गुजरात कंपनी के एच.आर टीम के सदस्य राहुल श्रीवास्तव ने साक्षात्कार लिया, जिसमे आई.टी.आई. से 118 प्रतिभागी चयनित हुए। इस अवसर पर संस्था के प्रबन्ध निदेशक डॉ० सानन्द सिंह ने कहा कि भविष्य में भी संस्था इस प्रकार के कार्यक्रम निरन्तर चलाकर युवाओं को तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार के अवसर प्रदान करती रहेगी क इस अवसर पर आईटीआई के प्रधानाचार्य ई0 सुनील सिंह यादव ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

### पागल कुत्ते का आतंक आधा दर्जन लोगों को बनाया निशाना

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। थाना क्षेत्र के एक गांव में इन दिनों एक पागल कुत्ते का आतंक बढ़ गया है। जिसने अभी तक कई लोगों को काट कर घायल कर दिया है। कुत्ते का दिन प्रतिदिन आतंक बढ़ता जा रहा है इससे लोग दहशत में हैं। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के डीह में पागल कुत्ते ने राबिया कैफ, भूडूक, राजू, राजेंद्र सहित 6 लोगों को दौड़ा दौड़ा कर काट लिया है। जिससे लोगों में भगदड़ मच गया है। हालांकि ग्रामीणों ने कुत्ते को दौड़ा कर मार डाला है। वहीं घायल लोगों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अहरौरा में कराया गया है। पागल कुत्ते के काटने से लोगों में दहशत व्याप्त है।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं